रांची, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025
संवत 2082, चैत्र शुक्लपक्ष 12 – मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 215 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 ▸▸ शराब की बिक्री और नशामुक्ति
ऋतिक रोशन से मिलने के लिए फैन ने खर्च किए 1.2 लाख, 2 घंटे तक किया इंतजार... ◂◂ 6

# राजधानी में एक साथ मिला दो युवकों का शव , फैली सनसनी

- लाश के पास हथियार मिलने से हत्या या हादसा को लेकर सस्पेंस
- दोनों युवकों का शव सड़क निर्माण के लिए बनाये गए गड्ढे से बरामद किया गया



एक गड्ढे से दो युवकों शव का बरामद किया गया है। मौके से एक हथियार भी मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। दोनों मृतकों की पहचान कर ली गई है। उनके परिजनों को मामले की जानकारी दे दी गई है। गुमला पुलिस से भी दोनों युवकों का डिटेल मंगवाया गया है। जांच की कार्रवाई फिलहाल जारी है।

**अमर कुमार पांडेय, हेडक्वाटर डीएसपी**

**संवाददाता**

**रांची:** गुरूवार को राजधानी रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में एक नाले से दो युवकों का शव बरामद किया गया है। सड़क निर्माण के लिए बनाये गए गड्ढे में दोनों युवकों का शव मिला है। मामला हत्या का है या हादसा है इसको लेकर संशय और सस्पेंस बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा।

दोनों युवकों का शव जिस नाले में मिला है वहां पुलिस को एक हथियार भी मिला है। मुख्यालय डीएसपी अमर कुमार पांडे ने बताया है कि एक गड्ढ़े में दो युवकों का शव बरामद किया गया है, मौके पर हथियार भी बरामद किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। मृतक में से एक गुमला जिले का रहने वाला है। पुलिस इस मामले को लेकर जांच कर रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रांची पुरुलिया रोड के चौड़ीकरण की वजह से आए दिन सड़क दुघर्टनाएं होती रहती है। निर्माण कर रही कंपनी यहां वहां गड्ढे खोदकर छोड़ देती हैं। न तो दुर्घटना संभावित जगहों पर साइन बोर्ड लगाया जाता है और न ही किसी प्रकार का सुरक्षा लगाया जाता है। ऐसे में हादसे की आशंका हमेशा बनी रहती है।



## कंटेनर ने बाइक को मारी टक्कर, दो महिलाओं ने मौके पर ही तोड़ा दम

**धनबाद:** जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमें 2 महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

घटना जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र के सुभाष चौक एनएच 19 की है। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार 2 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। 300 की शराब लाकर 900 वाली बोतलों में भर देते थे, असली दिखाने के लिए होलोग्राम भी लगाते थे।

### गुजरात में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बोले राहुल गांधी

## वक्फ बिल संविधान पर हमला, इसके बाद क्रिश्चियंस पर आक्रमण करेगी आरएसएस



**अहमदाबाद:** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले भाजपा ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन और संविधान पर आक्रमण है। आरएसएस वाले यहीं रुकने वाले नहीं हैं। वे अपने मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि अब क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। वक्फ एंटी-रिलीजन बिल है। यह देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए। हम चाहते हैं कि हर कम्युनिटी को देश में सम्मान मिले। हम चाहते हैं कि यह देश सबका हो। हर जाति, भाषा को यहां सम्मान मिले। राहुल गांधी ने कहा कि हम अंग्रेजों और आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ लड़े थे। इनकी विचारधारा, फ्रीडम स्ट्रगल की विचारधारा नहीं है। जिस दिन संविधान लिखा गया था, उस दिन आरएसएस ने रामलीला मैदान में संविधान को जलाया था। इसमें लिखा है कि हमारे देश का झंडा तिरंगा होगा। सालों तक आरएसएस ने तिरंगे को सैल्यूट नहीं किया था। वे हिंदूस्तान की सारी संस्थाओं को कंट्रोल कर देश का सारा धन अडानी-अंबानी को देना चाहते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि संविधान में कहीं नहीं लिखा कि देश का पूरा धन दो-तीन लोगों के हाथ में होना चाहिए।

संविधान में कहीं नहीं लिखा कि देश के सभी वाइस चांसलर आरएसएस के होने चाहिए। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि देश में कोई खास भाषा ही पढ़ाई जाएगी। जिस पार्टी के पास विचारधारा, क्लैरिटी नहीं है, वह भाजपा-आरएसएस के सामने खड़ी नहीं हो सकती। कांग्रेस के पास विचारधारा है, वही भाजपा-आरएसएस के सामने खड़ी हो सकती है, वही उन्हें हराएगी। उन्होंने साथ ही कहा कि बांग्लादेश भारत के खिलाफ लगातार बयान दे रहा है। भारत के प्रधानमंत्री वहां के नेता से मिले, लेकिन उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला। कहां गई 56 इंच की छाती। गौर हो कि साबरमती रिवरफ्रंट पर दो दिन चले अधिवेशन में देशभर से 1700 से अधिक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर राणा आज पहुंचेगा दिल्ली
## तिहाड़ में रखा जाएगा, एनआईए कोर्ट में होगी पेशी



**नई दिल्ली :** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर विशेष विमान के जरिए गुरुवार दोपहर दिल्ली लाया जा रहा है। दिल्ली पहुंचते ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार करेगी और इसके बाद उसे राजधानी की तिहाड़ जेल में विशेष सुरक्षा इंतजामों के बीच रखा जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, राणा को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां एनआईए उसकी कस्टडी की मांग करेगी। हालांकि, महावीर जयंती के चलते कोर्ट बंद होने के कारण उसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विशेष एनआईए न्यायाधीश के समक्ष पेश किया जा सकता है। अगर वर्चुअल पेशी संभव नहीं हो पाई, तो उसे न्यायाधीश के आवास पर शारीरिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।

इस हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई दिल्ली स्थित विशेष एनआईए अदालत में होगी। फरवरी 2024 में पटियाला हाउस कोर्ट ने मामले से जुड़े सभी रिकॉर्ड मुंबई से दिल्ली स्थानांतरित करने के आदेश दिए थे, जिससे अब इस केस की सुनवाई पूरी तरह दिल्ली में ही होगी। इसी वजह से तहव्वुर राणा को मुंबई नहीं ले जाया जाएगा।

### आतंकी तहव्वुर राणा को कसाब की तरह बिरयानी देने की जरूरत नहीं, 26/11 अटैक के हीरो बोले- तुरंत फांसी दो

**नई दिल्ली :** मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया जा रहा है। उसके भारत में कदम रखने से पहले लोगों की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। 26/11 अटैक के एक हीरो ने कहा, भारत को उसे आतंकी कसाब की तरह खास जेल, बिरयानी या और सुविधाएं देने की कोई जरूरत नहीं है। ये बात मोहम्मद तौफीक ने बोली है। मुंबई में एक चाय वाला है, जिसे छोटू उर्फ मोहम्मद तौफीक के नाम से जाना जाता है। उन्हें मुंबई आतंकी हमले 26/11 के हीरो के तौर पर पहचान मिली है। मोहम्मद तौफीक ने हमलों में कई लोगों की जान बचाई थी। मोहम्मद तौफीक ने कहा कि भारत को तहव्वुर राणा को जेल में खास सेल, बिरयानी और वैसी सुविधाएं देने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने मांग की कि आतंकवादियों से निपटने के लिए अलग कानून होने चाहिए। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि उन्हें 2-3 महीने में फांसी हो जाए। बता दें राणा पर 2008 के मुंबई आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप है। हमले में सैकड़ों निर्दोष लोग मारे गए थे। अब भारत में तहव्वुर पर मुकदमा चलाया जाएगा। सात अप्रैल को संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने तहव्वुर राणा की भारत में उसके प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका को खारिज कर दिया।

## चीन से पनामा नहर छुड़ाएंगे ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति के नए प्लान ने बढ़ाई ड्रैगन की मुश्किलें



**एजेंसी/ वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी आर्थिक और रणनीतिक नीतियों से चीन के सामने बड़ी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। भारी टैरिफ लगाने के बाद अब ट्रंप ने चीन के लिए एक बार फिर सिरदर्दी बढ़ा दी है। अमरीका ने हाल ही में एक ऐसा प्लान तैयार किया है, जिससे चीन को काफी मुश्किलें होंगी। हाल ही में पानामा नहर को लेकर एक बार फिर अमरीका ने कड़ा रुख अपनाया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पिट हेजसेथ ने साफ शब्दों में कहा है कि अमरीका, पनामा के साथ मिलकर चीन के प्रभाव को खत्म करेगा और इस रणनीतिक जलमार्ग पर फिर से अपना प्रभाव स्थापित करेगा।

दरअसल, बीते कुछ दिनों में पिट हेजसेथ पनामा के दौरे पर थे। पिछले कई दशकों में ऐसा पहली बार हुआ, जब कोई अमरीकी रक्षा मंत्री पनामा पहुंचा। वहां उन्होंने पनामा के राष्ट्रपति होसे राउल मुलिनो से बंद कमरे में बातचीत की। इस मीटिंग में खासतौर से चीन की तरफ से पनामा नहर में हो रहे निवेश और बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंता जताई गई। चर्चा के बाद पिट ने ऐलान किया कि अमेरिका और पनामा की सेनाएं मिलकर सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करेंगी। हेजसेथ ने कहा कि हम चीन के प्रभाव से पनामा नहर को मुक्त कराएंगे। चीन ने नहर बनाई नहीं है और न ही वे इसका संचालन करता है। ऐसे में उसे इसे एक हथियार की तरह इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

## वक्फ कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 16 अप्रैल को होगी 'सुप्रीम' सुनवाई



**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली की पीठ 16 अप्रैल को याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। सीजेआई के अलावा जस्टिस संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन तीन जजों की उस बेंच का हिस्सा होंगे, जो वक्फ कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

केंद्र ने मंगलवार को शीर्ष अदालत में कैविएट दायर की थी और मामले में कोई भी आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष सुनने की मांग की थी। कैविएट किसी पक्ष की ओर से उच्च न्यायालयों और शीर्ष अदालत में यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की जाती है। इसका अभिप्राय यह होता है कि उसे सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए।

10 से अधिक याचिकाएं शीर्ष अदालत में दायरः राजनेताओं और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) और जमीयत उलमा-ए-हिंद सहित 10 से अधिक याचिकाएं शीर्ष अदालत में नए कानून की वैधता को चुनौती देने के लिए दायर की गई थीं। केंद्र सरकार ने मंगलवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया था। इसे पिछले सप्ताह संसद ने पारित किया था।

**किस-किस ने लगाई याचिका? :** सुप्रीम कोर्ट में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके), कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और मोहम्मद जावेद, एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी, राजद सांसद मनोज झा और फैयाज अहमद, आप विधायक अमानतुल्ला खान समेत कुछ अन्य राजनेताओं और एनजीओ ने अधिनियम की वैधता को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है।

**राष्ट्रपति ने दी थी मंजूरी:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम को मंजूरी दी थी। इसे बजट सत्र के दौरान संसद ने पारित किया था। कानून मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया था कि राष्ट्रपति ने दोनों विधेयकों को अपनी मंजूरी दे दी है। चार अप्रैल को राज्यसभा ने विधेयक के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 मतों से इसे पारित किया था, जबकि लोकसभा ने लंबी बहस के बाद तीन अप्रैल को विधेयक को मंजूरी दे दी थी। यहां 288 सांसदों ने इसके पक्ष में और 232 ने इसके विरोध में मतदान किया था।

## 128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी

- 2028 में लॉज एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट खेल को भी शामिल किया जाएगा

**नई दिल्ली :** लॉज एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक 2028 में क्रिकेट खेल को भी शामिल किया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों कैटगरी में 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें गोल्ड मेडल जीतने के लिए टक्कर होगी। हर टीम 15 सदस्यीय स्क्वाड का चयन कर सकती है क्योंकि पुरुष और महिलाओं दोनों में 90-90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित किया गया है। खेलों के महाकुंभ ओलंपिक में क्रिकेट का खेल टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। 128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अंतर्गत 12 फुल मेंबर नेशन हैं, जबकि 90 से अधिक देश एसोसिएट मेंबर के रूप में टी20 क्रिकेट खेलते हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका के मेजबान होने के नाते खेलों में सीधे क्वालिफिकेशन पाने की संभावना के साथ, बची हुई टीमों में से सिर्फ 5 टीमें ही खेलों में जगह बना पाएंगी। अगर अमेरिका की टीम मेजबान होने के नाते सीधे क्वालीफाई करती है तो ओलंपिक खेल 2028 के क्रिकेट टूर्नामेंट में क्वालीफिकेशन के लिए पांच स्थान खाली रह जाएंगे। ऐसे में रैंकिंग के आधार पर टीमों का क्वालीफिकेशन हुआ तो पाकिस्तान का पत्ता साफ हो सकता है। मेंस टी20 रैंकिंग में फिलहाल भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज दुनिया कि टॉप-5 टीम हैं। पाकिस्तान 7वें और साउथ अफ्रीका छठे स्थान पर है। वूमेंस टी20 टीम रैंकिंग में भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका पहले पांच स्थानों पर हैं।

न्यूज ब्रीफ

## सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में चिकित्सकों की नियुक्ति को लेकर हुआ साक्षात्कार



**धनबाद :** एसएनएमएमसीएच के समीप बने सुपर स्पेशियलिटी के 10 विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार लिया गया। मेडिकल कॉलेज में हुए साक्षात्कार में अलग-अलग विभागों के नौ विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हुए। यूरोलॉजी के लिए सर्वाधिक तीन, प्लास्टिक सर्जरी व न्यूरो सर्जरी के दो-दो एवं गेस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी व इंडोनेटिक्स के एक-एक चिकित्सक ने साक्षात्कार दिया। दिन के 11 बजे मेडिकल कॉलेज स्थित प्राचार्य के चेंबर में साक्षात्कार शुरू हुआ। प्राचार्य डॉ एसके चौरसिया, अधीक्षक डॉ डीके गिंदौरिया के अलावा सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ सुनील कुमार, मेडिसिन के एचओडी डॉ यूके ओझा व डॉ एलबी टुडू के अलावा एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) पीयूष कुमार ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से साक्षात्कार लिया। दोपहर तीन बजे तक साक्षात्कार की प्रक्रिया चली। सभी चिकित्सकों से दस्तावेज ले लिये गये हैं।

प्लास्टिक सर्जरी : डॉ गौरव प्रकाश, डॉ धनंजय कुमार सिन्हा।
यूरोलॉजी : डॉ गौरव प्रकाश, डॉ सौरव कुमार, डॉ साकेत नारनोली।
गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी : डॉ संजय कुमार सिंह।
न्यूरोसर्जरी : डॉ वैभव कुमार, डॉ नवनीत कुमार जिंदल।
इंडोनेटिक्स : डॉ सोनल कुमारी।

बोले प्राचार्य :

एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य डॉ एसके चौरसिया ने कहा कि साक्षात्कार में कई विभाग के चिकित्सक शामिल हुए। वहीं कुछ महत्वपूर्ण विभाग के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल नहीं हुए। आशा है कि इस माह के चतुर्थ बुधवार को आयोजित होने वाले साक्षात्कार में अन्य विशेष विभाग के चिकित्सक साक्षात्कार में शामिल होंगे। जल्द ही साक्षात्कार में चयनित चिकित्सकों के नाम की घोषणा की जायेगी।

## जयराम महतो ने विधायक श्वेता सिंह पर लगाया हमला करने का आरोप, मामला दर्ज




**रांची :** डुमरी विधायक जयराम महतो ने बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह और उनके समर्थकों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। महतो का आरोप है कि श्वेता सिंह और उनके समर्थकों ने उनपर हमला किया। यह घटना मंगलवार को हुई थी जब महतो कुछ प्रदर्शनकारियों से मिलने गए थे। ये प्रदर्शनकारी 3 अप्रैल को सुरक्षाकर्मियों द्वारा की गई कथित लाठीचार्ज में एक व्यक्ति की मौत के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे।

बता दें कि बीते 3 अप्रैल को बोकारो स्टील प्लांट के पास विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी घटना घटित हुई थी। इसको लेकर प्रदर्शनकारी सीआईएसएफ द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में इकट्ठा हुए थे। इस लाठीचार्ज में एक 26 वर्षीय व्यक्ति घायल हुआ और उसकी बाद में मौत हो गई, जिससे इलाके में तनाव बढ़ गया।

कांग्रेस समर्थकों पर लगाया आरोपः डुमरी विधायक महतो ने आरोप लगाया कि जब वह प्रदर्शनकारियों से मिलने मौके पर गए तो कांग्रेस समर्थकों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और श्वेता सिंह के निर्देश पर उनकी कार की नंबर प्लेट को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही मामले में बोकारो स्टील सिटी थाने के प्रभारी सुदामा दास ने बताया कि महतो की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं, श्वेता सिंह ने महतो की पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की आलोचना करते हुए कहा कि यह सस्ती राजनीति का उदाहरण है।

घटना के बाद डीआईजी दिग्विजय कुमार ने दिया था स्पष्टीकरणः हालांकि घटना के बाद डीआईजी दिग्विजय कुमार सिंह ने इसको लेकर अपना स्पष्टीकरण दिया था। साथ ही उन्होंने इस बात से इनकार किया था कि प्रदर्शनकरी की मौत सीआईएसएफ द्वारा किए गए लाठीचार्ज से हुई। उन्होंने कहा था कि हमने प्रदर्शनकारियों को भगाने की कोशिश की। उसी क्रम में कुछ लोग गिरे हैं। जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। हमने उसे अस्पताल भी पहुंचाया था। हमारे किसी भी जवान की मारने पीटने में कोई भूमिका नहीं है। हमारे 4 लोग घायल हुए हैं। हमारे फायर टेंडर के शीशे को भी प्रदर्शनकारियों ने तोड़ दिया। प्रदर्शनकारी बहुत उग्र हो गए थे।

## एसएनएमएमसीएच के डॉक्टर से मारपीट चिकित्सक हड़ताल पर गए




**धनबाद :** जिले के सबसे बड़े अस्पताल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में शिशु रोग विभाग के डॉक्टर के साथ बुधवार देर रात हुई मारपीट की घटना के विरोध में चिकित्सकों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। हालांकि 8 घंटे बाद अस्पताल अधीक्षक के समझाने बुझाने पर इमरजेंसी विभाग के चिकित्सक दिन के 10:00 बजे काम पर लौट आए। डॉक्टरों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से रात 2:00 बजे के बाद से एक भी मरीज को अस्पताल में भर्ती नहीं लिया जा रहा था। यहां तक की इमरजेंसी पहुंचने वाले मरीजों को भी बैरंग लौटना पड़ा। इस दौरान मरीजों को काफी परेशानी हुई। जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात सर्पदंश की शिकार एक बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई थी। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने सीनियर रेजिडेंट (एसआर) चिकित्सक के साथ मारपीट कर दी। देर रात तक परिजनों का अस्पताल परिसर में हंगामा जारी रहा। बाद में सरायढेला पुलिस आक्रोशित लोगों को समझा बूझाकर शांत कराया। इसके बाद मृत बच्ची के परिजन उन्हें साथ लेकर चले गए। मारपीट की घटना के बाद चिकित्सक भी चले गये थे हड़ताल परः परिजनों द्वारा मारपीट किये जाने के बाद अस्पताल में सेवा दे रहे चिकित्सक भी हड़ताल पर चले गये। रात को 2 बजे के बाद किसी भी अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया। लेकिन डॉक डीके गिंदौरिया के समझाने बुझाने के बाद मामला शांत हो गया।

# मुख्यमंत्री ने की राज्य में संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा, अधिकारियों को दिया निर्देश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, कृषि, ग्रामीण विकास एवं गृह विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभागों द्वारा संचालित की जा रही महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी विकास योजनाओं के संचालन में पूरी तत्परता, पारदर्शिता एवं प्रतिबद्धता के साथ तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को दिए।



योजनाएं तय समय सीमा में पूरी होः इस समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव कृपानंद झा, सचिव के0 श्रीनिवासन, सचिव अरवा राजकमल, सचिव मनोज कुमार, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय बरनवाल, निदेशक कृषि कुमार ताराचंद, एम डी, एनआरएचएम अबू इमरान तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्त एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला स्तर पर योजनाओं के कार्यान्वयन में गति लाएं ताकि विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं को पहुंचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों से कहा कि राज्य में विकास की गति को तेज करने में आप सभी की कार्यशैली अहम भूमिका रखती है, ऐसे में आप सभी इस बात का विशेष ख्याल रखें कि योजनाएं तय समय सीमा में पूरी हो, ताकि अधिक से अधिक जनमानस को योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मी के महीने में आम जनमानस को पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो इस पर विशेष ध्यान रखी जाए। जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इस निमित्त शीघ्र कार्य योजना तैयार करें।

जंगलों को संरक्षित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि गर्मी के दिनों में अक्सर जंगलों में आगजनी की खबरें मिलती हैं। जंगलों को संरक्षित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है अतएव आगजनी की समस्या का तत्काल समाधान निकालें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय तथा थाना, सरकार का चेहरा होता है। इन कार्यालय में पूरी पारदर्शिता के साथ जमीन की रसीद काटने से लेकर म्यूटेशन के कार्य हों तथा विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र निर्गत करने में शिथिलता नहीं बरती जाए। लोगों का राज्य सरकार के प्रति विश्वास बढ़े इस निमित्त छोटी-छोटी समस्याओं का भी त्वरित निदान सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री सोरेन ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्री मैट्रिक (कक्षा 1 से 10) की छात्रवृत्ति राशि का भुगतान अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निर्धारित समय पर किया जाना सुनिश्चित करें। इसके लिए एक तय समय सीमा के अंतर्गत सत्यापन और भुगतान का कार्य पूरा करें। राज्य सरकार इस बात को लेकर प्रतिबद्ध है कि छात्रवृत्ति राशि हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच / सत्यापन कर छात्रवृत्ति राशि का भुगतान किसी भी हाल में लंबित नहीं रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की परिसंपत्ति पर लोगो लगाया जाएः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निर्देश दिया कि 8 मई 2025 तक सभी लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान पूर्ण किया जाए। जिला स्तर पर आवेदक छात्र-छात्राओं का सत्यापन एक निश्चित समय सीमा में किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के तथा एससी/एसटी एट्रोसिटी एक्ट के लिए जिला स्तरीय समिति की नियमित बैठक सभी जिलों के उपायुक्त प्राथमिकता के तौर पर करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाधिकार के बेहतर परिणाम के लिए राज्य स्तर पर नियमित फॉलो-अप की व्यवस्था होनी चाहिए। उपायुक्त वनाधिकार के लिए सीएफआरआर को पूरी प्राथमिकता देते हुए स्वीकृति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कल्याण विभाग के सभी छात्रावासों की मरम्मती के लिए जिला स्तर पर एक संयुक्त दल बनाकर एक कंप्रिहेंसिव डेटाबेस तैयार किया जाए। उपायुक्त छात्रावासों की मरम्मति को प्राथमिकता दें। वर्तमान में छात्रावास में जो विद्यार्थी रह रहे हैं उनके नामांकन इत्यादि की जांच कर ली जाए। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्राप्त ऋणों से शुरू हुए व्यवसाय के लिए थर्ड पार्टी इवैल्यूएशन कराया जाए। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की परिसंपत्ति पर लोगो लगाया जाए। इस योजना के आउटपुट पर फोकस करें ताकि युवाओं के स्थायी रोजगार की व्यवस्था हो सके।

### मंत्री लिंडा ने आवासीय बालिका उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण, कहा

# राज्य की बेटियां बनेंगी डॉक्टर-इंजीनियर



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने रांची के जेल मोड़ स्थित राजकीय पिछड़ी जाति +2 आवासीय बालिका उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, छात्राओं की उपस्थिति, भोजन, आवासीय सुविधा, पुस्तकालय, और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मंत्री लिंडा ने विद्यालय प्रबंधन समिति और छात्राओं से सीधा संवाद कर उन्हें प्रदेश सरकार की शैक्षणिक व कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आप सभी को अच्छे से पढ़ना है, डॉक्टर, इंजीनियर बनना है। अब वह सोच नहीं रहेगी कि लड़कियां बस शादी करके किसी और के घर चली जाएंगी। हर क्षेत्र में महिलाएं आज पुरुषों के बराबर खड़ी हैं।

मंत्री ने विद्यालय परिसर में ही नवनिमार्णाधीन बालिका छात्रावास भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्राओं के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक आवासीय व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार छात्राओं की हर शैक्षणिक जरूरत- किताबें, ड्रेस, हॉस्टल, स्कॉलरशिप और करियर गाइडेंस की पूर्ति के लिए कटिबद्ध है। सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं का उद्देश्य है कि छात्राएं बेहतर प्रदर्शन कर अपने घर-समाज और राज्य का नाम रोशन करें।

महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्धः मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के माध्यम से समाज के पिछड़े वर्गों, विशेषकर बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास संभव है। आने वाले समय में ऐसे विद्यालयों और छात्रावासों की संख्या और गुणवत्ता में और सुधार लाया जाएगा।

## बीएसएल ने 500 लोगों के खिलाफ कराया आपराधिक मुकदमा दर्ज




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारोः** भारतीय इस्पात प्राधिकार लिमिटेड ( सेल ) की इकाई बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) प्रबंधन ने झारखंड के बोकारो जिले में बंद के दौरान उपद्रव मचाने वाले करीब 500 लोगों के खिलाफ 200 करोड़ रुपए का नुकसान होने का आपराधिक मुकदमा दर्ज कराया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 3 और 4 अप्रैल को बोकारो स्टील प्लांट में नियोजन के नाम पर हुए विस्थापित अप्रेंटिस संघ के आंदोलन के खिलाफ बोकारो इस्पात के सुरक्षा महाप्रबंधक ने सिटी थाने में दिए अपने तीन पन्नों के आवेदन में कहा है कि उपद्रवियों द्वारा 36 घंटों तक स्टील प्लांट को नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने उनकी शिकायत के बाद अप्रेंटिस संघ से जुड़े करीब 500 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रबंधन ने अपने आवेदन में कहा कि जिला प्रशासन के अनुमति के बिना आंदोलनकारियों ने दो दिनों तक आंदोलन के नाम पर तांडव मचाया। प्लांट को करीब 36 घंटे पूर्ण बंद रखा, जिस वजह से प्लांट के अंदर 5000 कर्मी बंधक जैसे हालत में फंसे रहे। उपद्रवियों की वजह से प्लांट सहित नगर में भी सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा मंडराने लगा था।

आवेदन में कहा गया है कि चार अप्रैल को सुबह करीब 7:30 बजे तेनु नहर काट दिया गया जिस वजह प्लांट सहित नगर मे गंभीर जलसंकट उत्पन्न हो गई थी। गौरतलब है कि नगर की बिगड़ती कानून व्यवस्था को देखते हुए चार अप्रैल को देर शाम जिला प्रशासन ने भारतीय दंड संहिता की धारा 163 तहत निषेधाज्ञा लगाते हुए आंदोलन का नेतृत्व कर रही बोकारो की विधायक श्वेता सिंह को हिरासत में लिया। इसके बाद प्रशासन के हुए एक्शन का असर दिखा और आंदोलन की धार कुंद हो गई। इस्पात प्रबंधन ने 200 करोड़ के हुए नुकसान होने का भी अपने लिखित आवेदन में जिक्र किया है। इस बाबत इस्पात प्रबंधन ने घटना से जुड़े फोटो तथा वीडियो फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराने की बात कही है। वहीं, बोकारो नगर में हुए इस तांडव को लेकर निजी लोगों ने भी नगर के विभिन्न थानों में मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें वैसे लोग शामिल है जिनकी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया या फिर उनके साथ मारपीट की गई है।

## एनआई ने विस्फोटक किया जब्त

**रांचीः** एनआईएने धनबाद में छापेमारी की है। जानकारी के अनुसार, एनआईए की टीम चिरकुंडा स्थित लायकडीह में अमरजीत शर्मा नाम के व्यक्ति के आवास के अलावा कलियासोल प्रखंड के बोरियो गांव स्थित गोदाम में छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान एनआईए टीम को गोदाम से भारी मात्रा में जिलेटिन और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। एनआईए की टीम अमरजीत के बड़े भाई संजय शर्मा को पकड़ कर उसे अपने साथ गोदाम लेकर आयी और छापेमारी कर रही है।

## सभी बीडीओ को कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबाद :** जिले के उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने अबुआ आवास व प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि दोनों योजनाओं में प्रगति धीमी है, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जतायी। साथ ही सभी बीडीओ को 10 दिनों में प्रगति लाते हुए आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं प्रथम किस्त प्राप्त लाभुकों को द्वितीय किस्त देने का निर्देश दिया। बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2196 लाभुकों ने लिंटर स्तर का कार्य पूरा नहीं किया है, जबकि 2024-25 में 5337 लाभुकों ने प्लिंथ स्तर का कार्य पूर्ण नहीं किया है।



2021 लाभुकों को पहले किस्त का भी भुगतान नहीं : डीडीसी श्री अनवर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बाघमारा, गोविंदपुर, निरसा व बलियापुर में योजना की स्वीकृति और प्रथम किस्त में काफी अंतर है। साथ ही 2021 लाभुकों को अब तक प्रथम किस्त का भुगतान नहीं किया गया है। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए बीडीओ को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के अलावा विभिन्न प्रखंड के बीडीओ, संबंधित अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### रांची नगर विकास और आवास विभाग की समीक्षा बैठक


# मास्टर प्लान के तहत हो शहरों का विकास : मंत्री सुदिव्य

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची समेत प्रदेश के अन्य शहरों के सुनियोजित और समग्र विकास के उद्देश्य से नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने की।

बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी शहरों का विकास मास्टर प्लान के अनुरूप किया जाए। साथ ही शहर से सटे क्षेत्रों को भी शामिल किया जाए, जिससे भविष्य में नगरीय विकास में कोई बाधा न आए। उन्होंने कहा कि टीयर-1, टीयर-2 और टीयर-3 शहरों का विकास योजनाबद्ध ढंग से किया जाना आवश्यक है। बैठक के दौरान मंत्री ने पेयजल आपूर्ति और सेप्टेज प्रबंधन योजनाओं में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं का समाधान तत्काल करने के निर्देश दिए।

बैठक में यह रहे मौजूद : बैठक में नगर



विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, स्वऊअ के निदेशक अमित कुमार, उद्अ निदेशक सत्येन्द्र कुमार, विभाग की अपर सचिव ज्योत्स्ना सिंह, संयुक्त सचिव दीपक दूबे, रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह, जुडको के तकनीकी और प्रशासनिक परियोजना निदेशक सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### मंत्री द्वारा दिए गए निर्देश

- जलापूर्ति और सेप्टेज प्रबंधन योजनाओं में हो रही देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर समाधान सुनिश्चित करें।
- प्रधानमंत्री आवास योजना में भूमि की अनुपलब्धता की समस्या को लेकर मुख्य सचिव स्तर पर स्टेकहोल्डर बैठक आयोजित की जाएगी।
- रांची स्मार्ट सिटी की तर्ज पर प्रदेश के अन्य बड़े शहरों में एरिया बेस्ड डेवलपमेंट मॉडल लागू किया जाएगा। इसके लिए सरकारी भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।
- नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए ड्रोन सर्वे कराकर प्रॉपर्टी टैक्स का प्रभावी संग्रह सुनिश्चित किया जाएगा।
- राजधानी रांची में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही, सभी प्रमुख मार्गों के रखरखाव के निर्देश भी दिए गए।
- निर्माणाधीन रविंद्र भवन का कार्य शीघ्र पूर्ण कर रविंद्र जयंती के अवसर पर उसका उद्घाटन किया जाएगा।

# अनिल टाइगर मर्डर केस का खुलासा फरार शूटर सहित चार अपराधी गिरफ्तार

## जमीन विवाद में घटना को दिया गया अंजाम

संवाददाता

**रांचीः** भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या मामले में रांची पुलिस ने अहम कामयाबी हासिल करते हुए फरार चल रहे शूटर अमन सहित कुल चार अपराधी को गिरफ्तार किया है। संभवतः रांची पुलिस गुरुवार की देर शाम तक पूरे मामले का खुलासा कर देगी।

**सुपारी देकर हत्याः** डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा द्वारा बनाई गयी एसआईटी ने भाजपा नेता अनिल टाइगर के हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले हत्याकांड वाले दिन ही घटना को अंजाम देकर फरार होने के समय एक शूटर रोहित वर्मा को पुलिस



ने एनकाउंटर कर धर दबोचा था। जबकि दूसरा शूटर अमन फरार होने में कामयाब हो गया था।

टेक्निकल सेल की मदद से रांची पुलिस की टीम ने दूसरे शूटर अमन सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। अब तक अनिल टाइगर हत्याकांड में दो शूटरों सहित कुल चार लोगों की गिरफ्तारी कर ली गई है। जिसमें अनिल की हत्या के पूर्व रेकी करने वाले भी शामिल है। पुलिस के पूछताछ में अब तक जो जानकारी निकलकर सामने आई है। उसके अनुसार सभी अपराधियों को एक जमीन कारोबारी द्वारा अनिल टाइगर को मारने के लिए सुपारी दी गई थी। अपराधियों के द्वारा यह तय किया गया था कि अगर गोली मारने के बाद कोई भी पकड़ा जाता है तो वे लोग लोहरदगा वाले हत्याकांड से जोड़कर बयान देंगे।

**जमीन का विवादः** रांची पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रांची और लोहरदगा से संबंध रखने वाले एक जमीन कारोबारी से एक कीमती जमीन को लेकर अनिल टाइगर का विवाद चल रहा था। पैसे को लेकर दोनों के बीच अदावत चल रही थी। जब जमीन कारोबारी ने देखा की अनिल जमीन को लेकर रोड़ा बन रहे थे, तब उसने अमन और रोहित वर्मा से संपर्क साधा और उनको सुपारी देकर अनिल टाइगर की हत्या करवा दी। अनिल टाइगर की हत्या की साजिश रचने वाला जमीन कारोबारी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार हुआ या नहीं इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है।

**सन्नी भी रिमांड परः** अनिल टाइगर की हत्या करने वाले अमन सिंह और रोहित वर्मा कुख्यात सनी सिंह गिरोह से ताल्लुक रखते हैं। इस मामले में सन्नी से भी पूछताछ की जा रही है। वर्तमान समय में सन्नी सिंह को झारखंड एटीएस की रिमांड पर रखा गया है। एटीएस की रिमांड के दौरान ही रांची पुलिस ने भी अनिल टाइगर हत्याकांड से जुड़े मामले को लेकर सन्नी से पूछताछ की है। हालांकि सनी ने अनिल टाइगर हत्याकांड में अपनी संलिप्त नहीं होने की बात कही है।

बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना,कहा-

## राज्य में टेंडर प्रक्रिया मात्र औपचारिकता बनकर रह गई है

संवाददाता

**रांचीः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में टेंडर प्रक्रिया अब केवल औपचारिकता मात्र रह गई है।



मरांडी ने कहा कि भवन निर्माण विभाग ने सिमडेगा में लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिए 5 अप्रैल को टेंडर जारी किया और महज 2 दिन बाद, 7 अप्रैल को निविदा खोलने की तिथि तय कर दी। गौर करने वाली बात यह है कि 6 अप्रैल को रामनवमी का पर्व था और रविवार की छुट्टी भी।।। ऐसे में किसी भी इच्छुक संवेदक के लिए केवल एक दिन में आवश्यक दस्तावेज तैयार करना और निविदा प्रक्रिया में शामिल होना लगभग असंभव है।

मरांडी ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया संदेह के घेरे में है और ऐसा प्रतीत होता है कि टेंडर पहले से ही किसी खास वर्ग या चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तय किया गया था। मैं पहले भी कई बार यह मुद्दा उठा चुका हूं कि अधिकांश टेंडर पहले से फिक्स होते हैं, जिससे घटिया निर्माण कार्य और भ्रष्टाचार को खुला बढ़ावा मिल रहा है। कहा कि उपायुक्त सिमडेगा इस टेंडर को तत्काल निरस्त कर निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी इच्छुक प्रतिभागियों को समान अवसर देने वाली प्रक्रिया के तहत पुनः जारी किया जाए, ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके और गुणवत्ता से समझौता न हो।

## क्लस्टर सिंगल विंडो योजना में देरी से झारखंड में जल संकट की आशंका

### एफजेसीसीआई ने सीएम से किया हस्तक्षेप का अनुरोध



**रांचीः** राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित क्लस्टर सिंगल विंडो योजना के अंतर्गत कार्यरत संवेदकों को पिछले 14 महीनों से भुगतान नहीं मिलने के कारण राज्य में कार्य प्रभावित हो रहा है। इसको लेकर फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है।

एफजेसीसीआई अध्यक्ष पवन महेती ने पत्र में उल्लेख किया है कि भुगतान में विलंब के कारण संवेदकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारी वेतन, बैंक ऋण, और देनदारियों को पूरा करने में असमर्थ संवेदक अब योजना के तहत कार्य जारी नहीं रख पा रहे हैं।

गर्मी के इस दौर में जहां जल आपूर्ति की मांग चरम पर है, वहीं कार्यों में रुकावट आने से जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पत्र में कहा गया है कि जनहित की इस योजना को सुचारु रूप से जारी रखने के लिए संवेदकों को बकाया राशि का त्वरित भुगतान आवश्यक है।

एफजेसीसीआई ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वे इस दिशा में जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर संवेदकों के भुगतान को सुनिश्चित करें, जिससे आम जनता को गर्मियों में जल संकट जैसी समस्या का सामना न करना पड़े।

## सभी धर्म- समुदाय को सम्मान देना ही इंसानियमः गुलाम मुस्तफा

संवाददाता

**रांचीः** आज बृहस्पतिवार को सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा भगवान महावीर जयंती महोत्सव में शामिल हुए और जुलूस में भी साथ- साथ रहे। इस शुभ अवसर पर गुलाम मुस्तफा ने सभी को महावीर




जयंती की बधाई दी। इस अवसर पर गुलाम मुस्तफा ने कहा के सभी धर्म समुदाय को मान सम्मान इज्जत हम सभी को देना चाहिए। सभी को प्यार से गले लगाना चाहिए। सभी को एकता भाईचारा, अमन, शांति, प्यार ,मोहब्बत के साथ मिलजुल कर रहना चाहिए। सभी के त्योहारों में शामिल होकर एक दूसरे को बधाई व मुबारकबाद देनी चाहिए । यही तो सबसे बड़ा इंसानियत व सबसे बड़ा मानवता है । इससे समाज में और देश में अमन, शांति, एकता एवं भाईचारा मजबूत होती है ।

## राज्य में अगले 48 घंटे में भारी बारिश के साथ बरसेंगे ओले, किसानों को होगा नुकसान

**रांचीः** राज्य में मौसम का मिजाज बदल गया है। राज्य के कई जिले में बीते बुधवार को वर्षा की तेज बौछारों के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन किसानों को नुकसान हुआ है।

मौसम विभाग के मुताबिक आज से लेकर 12 अप्रैल तक पूरे राज्य में गरज, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक पूरे राज्य में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी भी चलेगी।

### पलामू का मजदूर बना करोड़पति

## ड्रीम 11 पर 49 रुपए लगाकर जीता तीन करोड़

**पलामूः** भारत में अभी आईपीएल का सीजन चल रहा है और इस सीजन में कई लोग ड्रीम 11 में टीम बनाकर करोड़ों रुपए जीत रहे हैं। अभी ताजा मामला पलामू जिले के मेदिनीनगर के सदर प्रखंड के कौड़िया के तेलियाबांध में एक गरीब मजदूर के बेटा रवि मेहता ने ड्रीम11 में 49 रुपए लगाकर 3 करोड़ रुपए जीत हासिल की हैं। रवि मेहता गांव में ही एक छोटा सा किराना दुकान चलाते हैं। रवि मेहता 8 सालो से ड्रीम11 में टीम बनाकर किस्मत को आजमा रहे थे। इसी दौरान कल गुजरात और राजस्थान रॉयल में टीम बनाकर 3 करोड़ रुपए जीत हासिल कर सबको चौंका दिया हैं।



उनकी इस बड़ी जीत की खबर सामने आते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। फिलहाल युवक का परिवार बेहद खुश है। रवि कुमार ने बताया कि 2018 से ड्रीम11 में टीम बनाते थे, अब तक ड्रीम11 में 5 लाख से अधिक रूपेश हार चुका हूं। लेकिन कल गुजरात और राजस्थान रॉयल में टीम बनाया और 3 करोड रुपए जीते। जीतने के बाद एक करोड़ रुपये ड्रीम11 से अपने खाते में विड्रोल कर लिया है और बाकी पैसे 24 घंटे के बाद खाते में विड्राल होगा।

## झारखंड सचिवालय में 4 दिनों की छुट्टी, बैंक भी रहेंगे बंद

**रांची :** झारखंड सचिवालय और संलग्न कार्यालयों में आज से चार दिनों की छुट्टी रहेगी। हालांकि चार दिनों की छुट्टी के बीच शुक्रवार (11 अप्रैल) को एक दिन सचिवालय खुला रहेगा। इसके बाद लगातार 3 दिनों तक सचिवालय और संलग्न कार्यालयों में अवकाश रहेगी। इसी तरह विभिन्न राज्यों के बैंक में भी छुट्टी रहेगी। झारखंड सचिवालय और संलग्न कार्यालयों में आज से चार दिनों की छुट्टी रहेगी। हालांकि चार दिनों की छुट्टी के बीच शुक्रवार (11 अप्रैल) को एक दिन के लिए सचिवालय खुला रहेगा। इसके बाद लगातार 3 दिनों तक सचिवालय और संलग्न कार्यालयों में अवकाश रहेगा। महावीर जयंती के कारण राज्य सरकार ने गुरुवार को छुट्टी की घोषणा की है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा आमन्त्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई–निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमो के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रो में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है– **ई–निविदा सूचना सं. 2025–26: 01, कार्य का नाम व स्थान:** Improvement to staff quarters in D.S. Colony, NP Colony in the section of ADEN/HQ/JU, **अनुमानित लागत रुपये:** 4,44,69,293.42, **बयाने की राशि रूपये:** 3,72,400.00, **ई–निविदा सूचना सं. 2025–26: 02, कार्य का नाम व स्थान:** Improvement to Circulating area, Entry & Exit Gates, Parking area, Drainage work, office building etc. at DRM office Jodhpur, **अनुमानित लागत रुपये:** 4,02,21,121.79, **बयाने की राशि रूपये:** 3,51,100.00, निविदा सूचना संख्या 01 & 02 of 2025-26 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 28.04.2025 को 15:00 बजे तक है। वैबसाईट का विवरण जहाँ पर ई–निविदा देखी व भरी जा सकती है– www.ireps.gov.in 402-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–टेण्डर नोटिस**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उ.प.रे., अजमेर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ई–निविदा सं. 42245810A दिनांक 07.04.25 को, जिसकी बंद होने की तारीख 28.04.25 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे हैं। निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल / संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पाएंगे. मैनुअल (ई–निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे। इस तरह के मैनुअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। **आपूर्ति का विवरण:** Supply, installation and commissioning of Retro fitment of Revised WSP wiring as per RDSO drawing No.CG-18246, Alt-0 or Latest with modified IP67 grade Junction boxes as per drawing no.CG-19005, Alt-2 or Latest and Mil-grade type connectors for FAIVELEY Make WSP fitted coaches. (Scope of work & Bill of Materials with part numbers is attached as Annexure) Kit for Modification of Junction Box Assembly as per our Annexure A1 for Kit part no. FT0053903-K01 as per RDSO Drg. No. CG-19005, Alt-2 or Latest, **मात्रा:** 55 सेट्स, **निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय:** ई–निविदा को 28.04.2025 को 14.25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है, **वैबसाईट विवरण:** ireps.gov.in 398-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## महावीर जयंती पर डोरंडा जैन मंदिर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा



संवाददाता

**रांची :** भगवान महावीर स्वामी की जयंती के शुभ अवसर पर डोरंडा स्थित जैन मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। यह शोभायात्रा डोरंडा के तुलसी चौक, बिस्किट मैदान, हाई कोर्ट मार्ग होते हुए पुनः डोरंडा जैन मंदिर पहुंची।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तगण हाथों में भगवान महावीर की प्रतिमा, ध्वज एवं कलश लेकर भक्ति गीतों पर झूमते हुए आगे बढ़े। मार्ग भर वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा।

इस धार्मिक आयोजन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे शुरू से अंत तक शामिल रहे। उन्होंने न केवल शोभायात्रा में सहभागिता निभाई, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया एवं श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

आलोक कुमार दुबे ने कहा, भगवान महावीर का जीवन और उनके उपदेश आज भी मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। अहिंसा, सत्य और संयम जैसे सिद्धांत हमें एक शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण समाज की ओर ले जाते हैं। इस पावन अवसर पर मैं सभी को महावीर जयंती की शुभकामनाएं देता हूँ और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आग्रह करता हूँ।

मंदिर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए आलोक कुमार दूबे ने कहा भगवान महावीर का जीवन हमें सत्य, अहिंसा, और आत्मसंयम के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने सहस्त्रों वर्ष पूर्व थे।

इस महावीर जयंती पर आइए हम सभी अपने भीतर के अंधकार को ज्ञान के प्रकाश से दूर करें और जीवन में करुणा, क्षमा और शांति को अपनाएं।

महावीर स्वामी के सिद्धांत केवल धार्मिक उपदेश नहीं, बल्कि एक आदर्श जीवन की दिशा हैं।

अहिंसा परम धर्म है – इसे अपने विचारों, वाणी और आचरण में शामिल करना चाहिए।

इस अवसर पर डोरंडा जैन समाज द्वारा आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भगवान महावीर के सिद्धांतों की प्रेरणा दी। शोभायात्रा के सफल आयोजन में जैन समाज के सभी सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों का सक्रिय सहयोग रहा।

## शास्त्र के साथ शस्त्र की भी पढ़ाई जरूरी : रोहित शारदा

### शोभा यात्रा का जैन श्वेतांबर समाज ने किया स्वागत

**रांचीः** महावीर जयंती के अवसर पर जैन श्वेतांबर समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का डोरंडा बाजार स्थित श्री राम भरत मिलाप समिति कार्यालय में समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने कहा कि महावीर स्वामी से अहिंसा परमो धर्म की शिक्षा हमें मिलती है परंतु कलयुग में शास्त्र के साथ शस्त्र की शिक्षा भी जरूरी है। समिति के सभी सदस्यों ने शोभायात्रा में सम्मिलित सभी महावीर के भक्तों का पेयजल भेंट कर उनका स्वागत किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री राम भरत मिलाप समिति के साथ मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण और महिला जागृति शाखा की सदस्यों ने भी अपना योगदान दिया जिसमें प्रमुख रूप से मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण शाखा के अध्यक्ष राजीव केडिया महिला जागृति शाखा की अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ,संजय सुल्तानिया,नीरू



अग्रवाल ,बिना शारदा, संतोषी गुप्ता, पीयूष विजय, अमित गुप्ता,, महेश विजय, प्रिंस पांडे, जितेंद्र बरनवाल, रवि कुमार सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

छप्पन सेट महावीर मंडल के अध्यक्ष गौतम कुमार दूबे,रीतेश सिंह,आलोक कुमार,मेंहुल दूबे,रामनवमी श्रृंगार समिति के अनिल विजय,सुनील विजय, बबलू विजय,मारवाड़ी मंच से रोहित शारदा ने भक्त जनों का स्वागत किया।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना**

हजारीबाग शहर स्थित गाँधी मैदान, मटवारी में डिजनी लैण्ड –सह– हैण्डिक्राफ्ट मेला 2025 के अवसर पर खुला डाक के द्वारा बन्दोवस्ती किया जाना है। निबंधित फर्म / इच्छुक व्यक्ति / स्वयं सेवी संस्था अपना आवेदन दिनांक 23.04.2025 तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते हैं तथा बन्दोवस्ती खुली डाक के माध्यम से दिनांक 24.04.2025 के अपराह्न 3:00 बजे नगर निगम सभाकक्ष में किया जायेगा।

| क्रमांक | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | गाँधी मैदान, मटवारी में डिजनी लैण्ड –सह– हैण्डिक्राफ्ट मेला 2025 के अवसर पर | 17,20,000/– | 5,00,000/- |

नोट – डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर निगम कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 350069 (Urban Development and Housing)25-26*D

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi)**
**Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Short Term e-Procurement Notice (2ND Call)**

**Date – 09-04-2025**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/03/2025-26 | Construction of Sarvajanik Market Shed With Toilet Block, Deep Boring and Solar Light in the Campus of Weekly Agriculture Market Tangar Block, Chanho, Ranchi | 8623700 | 4 Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 11-04-2025 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 18-04-2025 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 19-04-2025 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |

Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 349990 Building(25-26).D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## राज्यपाल पर लगाम

**सर्वोच्च** न्यायालयय ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल के मामले में जो फैसला दिया है वह कई अर्थों में एक निर्णायक फैसला है। जिसने तमिलनाडु के वर्तमान राज्यपाल आरएन रवि की भूमिका को न केवल कड़ी आलोचना के घेरे में खड़ा किया, बल्कि उसे सीमित भी कर दिया। इस फैसले ने राज्यपालों द्वारा विशेषकर उन राज्यों में जहां केंद्र सरकार के विरोधी दलों की सरकारें हैं,सरकारों पर मनमानी तरीके से अपने अधिकारों द्वारा अंकुश लगाने के प्रयासों को लगभग समाप्त कर दिया है। राज्यपाल की भूमिका को सीमित तो कर दिया है साथ ही उसे नियमबद्ध भी कर दिया है। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि राज्यपाल संवैधानिक तरीके से जनता द्वारा चुनी गई सरकार के विधिवत पारित विधेयकों को स्वीकृति देने के मामले में अनिश्चित अवधि तक लंबित नहीं रख सकते। अब आगे से कोई राज्यपाल किसी भी पारित विधेयक को एक महीने से अधिक अपने पास लंबित नहीं रख सकता। अगर यह विधेयक राज्यपाल के द्वारा वापस कर दिया जाता है और पुर्नविचार के लिए पुनः उसके पास आता है तो वह उसे राष्ट्रपति को भी नहीं भेज सकते। राष्ट्रपति को वह पहली बार में ही भेज सकेंगे। अगर निश्चित अवधि के बाद भी कोई विधेयक लंबित रखा जाता है तो उसे स्वतः स्वीकृत मान लिया जाएगा। इस बिना पर अदालत ने तमिलनाडु. सरकार द्वारा पारित वे सभी विधेयक जिन्हें राज्यपाल ने अपने पास दबा रखा था स्वीकृत मान लिए जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से यह तो तय है कि अब कोईभी विधेयक राज्यपाल की मनमर्जी की जकड़ब़ंदी की गिरफ्त में नहीं रहेगा। शीर्ष अदालत ने इस समुचित प्रक्रिया को समयबद्ध और सीमाबद्ध करके निश्चित तौर पर एक बड़ा काम किया है और इससे राज्यपाल तथा राज्य सरकारों के बीच उठने वाले विलंब संबंधी विवादों पर रोक लगेगी। लेकिन भविष्य में इस पर नजर रखनी होगी कि ऐसी सूरत में जब केंद्र में किसी और दल की सरकार हो और राज्य में किसी और दल की तो राज्य सरकारें अपने राजनीतिक मतभेदों के चलते इस नवनिर्धारित प्रक्रिया का दुरुपयोग न करें। केंद्र सरकार को भी यह ध्यान में रखना होगा कि राज्य पर नियंत्रण रखने के लिए राज्यपाल रूपी हथियार की मारक क्षमता बहुत सीमित कर दी गई है। उसे भी राज्य के साथ अनावश्यक टकराव को टालना होगा अन्यथा सर्वोच्च न्यायालय का जो फैसला सराहनीय और स्वागतयोग्य लग रहा है वह विपरीत परिणाम देने वाला सिद्ध न हो।

## चकल्लस चयन का

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग ने देश भर के कुलपतियों और प्राचार्यों को पत्र लिखा है कि वे पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन करें। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्यो, विज्ञान, इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों, व्यापार, उद्योग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रति वर्ष प्रदान किए जाते हैं। पुरस्कार के लिए नामांकन/सिफारिशों की जानकारी इस राष्ट्रीय पुरस्कार से संबंधित पोर्टल पर उपलब्ध हैं। बीते 15 मार्च से शुरू हुई यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक चलेगी। पद्म पुरस्कारों की घोषणा प्रति वर्ष गणतंत्र दिवस पर की जाती है। आजादी के बाद 1954 में भारत रत्न और पद्म विभूषण का गठन किया गया था। बाद में पद्म पुरस्कार को तीन श्रेणियों में बांटा गया। सभी नामांकन समिति के समक्ष पेश किए जाते हैं जिसका गठन प्रधानमंत्री द्वारा हर साल किया जाता है। समिति की अध्यक्षता कैबिनेट सचिव द्वारा की जाती है। नियमानुसार देश का कोई भी नागरिक इस पुरस्कार के योग्य होता है। उसने देश की सेवा या विकास में योगदान कैसे किया है, इस पर चयन निर्भर करता है। उम्मीद की जा सकती है, आयोग द्वारा जारी किए गए इस पत्र के बाद शिक्षा में विशिष्ट योगदान करने वाले उन तमाम शिक्षकों की उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया जा सकेगा जो अब तक हाशिए पर रहे हैं। हालांकि इस तरह के चुनाव में हर क्षेत्र के शीर्ष विभाग को पहल करने के प्रयास करने चाहिए। हालांकि आलोचक इसकी चयन प्रक्रिया पर पहले भी प्रश्न चिह्न लगाते रहे हैं क्योंकि सत्ताधारी दल योग्यता को मान्यता देने की बजाय विचारधारा को प्राथमिकता देते पाए जाते हैं जिससे इस सम्मान के प्रति जनता का रुझान कमजोर भी पड़ा है। बावजूद इस आरोप के यह स्वीकारा जाना चाहिए कि मोदी सरकार के कार्यकाल में सम्मानित सदस्यों में कुछेक खदानों से खोजे गए हीरे भी देश के समक्ष नजर आएं। पुरस्कारों की गरिमा और विशिष्टता बनाए रखने का काम चयन समिति को बिना लाग- लपेट के करने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए। उम्मीदवारों के आवेदन का दायरा बढ़ाए जाने का लाभ तभी संभव है, जब सत्ताधारी दल पारदर्शिता बनाए रखने में सहयोगी बने रहें और पूर्वाग्रहों से ऊपर उठ कर देश के विशिष्ट सम्मान की गरिमा का विशेष ख्याल रखना सीख जाएं।

# शराब की बिक्री और नशामुक्ति

भारत में बिहार, गुजरात, मिजोरम, नागालैंड और केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में शराब का सेवन प्रतिबंधित है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे एनएफएचएस–4, 2014–15 की रिपोर्ट के अनुसार भारत के 15 से 49 आयु वर्ग के 29.2 फीसदी पुरुष अल्कोहल/शराब का सेवन कर रहे थे। जहां तक भारत के राज्यों का सवाल है तो अरुणाचल प्रदेश की 59 प्रतिशत पुरुष आबादी शराब का सेवन कर रही थी तो दूसरे नंबर पर त्रिपुरा की 58 प्रतिशत, तेलंगाना की 54 फीसदी, छत्तीसगढ़ की 53, मणिपुर की 53 और हिमाचल प्रदेश की 40 फीसदी पुरुष जनसंख्या शराब पी रही थी।

**अनुज आचार्य**

दुनिया में मद्यपान अर्थात शराब पीने-पिलाने का प्रचलन सदियों पुराना है। शराब को कई अन्य नामों से भी जाना जाता है, जैसे मदिरा, मद्य, नशा, सुरा, हाला, आसव, वारुणी, मधु और इरा आदि। ऐसा अनुमान है कि विश्व में शराब को सबसे पहले 7 हजार साल पहले चीन के लोगों ने बनाया था, जहां उत्तरी पीली नदी के किनारे बाजरे को सड़ाकर शराब बनाई गई होगी। यह पहले की तुलना में बेहतरीन शराब साबित हुई। हालांकि हमारे शास्त्रों में देवताओं के लिए सोमरस नामक पेय पदार्थ का उल्लेख भी आता है। साधारणतः शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन लोग आनंद के लिए करते हैं। इनके सेवन से थोड़े समय के लिए आनंद की अनुभूति होती है, आत्मविश्वास बढ़ा हुआ महसूस होता है तथा शरीर ऊर्जा से लबरेज लगता है। शराब तनाव और चिंता को कम करते हुए उत्साह बढ़ाती है और थकावट को दूर करती है तो वहीं इसके सेवन से होने वाले शारीरिक दुष्प्रभावों से भी सभी भली-भांति परिचित ही हैं।

भारत में बिहार, गुजरात, मिजोरम, नागालैंड और केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में शराब का सेवन प्रतिबंधित है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे एनएफएचएस-4, 2014-15 की रिपोर्ट के अनुसार भारत के 15 से 49 आयु वर्ग के 29.2 फीसदी पुरुष अल्कोहल/शराब का सेवन कर रहे थे। जहां तक भारत के राज्यों का सवाल है तो अरुणाचल प्रदेश की 59 प्रतिशत पुरुष आबादी शराब का सेवन कर रही थी तो दूसरे नंबर पर त्रिपुरा की 58 प्रतिशत, तेलंगाना की 54 फीसदी, छत्तीसगढ़ की 53, मणिपुर की 53 और हिमाचल प्रदेश की 40 फीसदी पुरुष जनसंख्या शराब पी रही थी। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-21 के अनुसार, लक्षद्वीप में केवल 0.4 फीसदी पुरुष और 0.2 फीसदी महिलाएं शराब का सेवन कर रही थीं। यह भी कड़वी सच्चाई है कि शराब के सेवन से दुनिया भर में हर साल 30 लाख लोगों की मृत्यु होती है। हिमाचल की आर्थिकी का मजबूत स्तंभ माने जानी वाली शराब नीति के तहत इस बार हिमाचल प्रदेश में 18 मार्च से 2100 शराब ठेकों की नीलामी शुरू हुई थी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग ने नीलामी के लिए जिलावार शेड्यूल जारी कर दिया था और आगामी वित्त वर्ष के लिए शराब ठेकों की नीलामी से 2850 करोड़ राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। नीलामी प्रक्रिया के तहत एल टू, एल 14 और एल-20 बी का आवंटन किया जाना था।

लेकिन ऐसा देखने में आया है कि कई जिलों में बेस प्राइस बहुत अधिक होने के चलते शराब कारोबारियों ने नीलामी प्रक्रिया में भाग ही नहीं लिया। अभी तक हिमाचल में 400 शराब ठेकों के लिए खरीददार नहीं मिले हैं। लिहाजा प्रदेश में सरकार अब उन शराब ठेकों को अकेले-अकेले बेचेगी, जिनके लिए अभी तक किसी ने टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया है। अब कोई भी व्यक्ति इसके लिए अपनी निविदा डाल सकता है और केवल 50 हजार की अर्नेस्ट मनी के साथ इसके लिए आवेदन किया जा सकता है। आज भारतीय मादक शराब पेय उद्योग दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा राजस्व एकत्रित करने वाला उपक्रम है और भारत की कोई भी सरकार अपने आर्थिक हितों के लिए इससे समझौता करने के पक्ष में नहीं दिखती है। हालांकि हिमाचल सरकार ने लोगों की सेहत और स्वास्थ्य से कोई खिलवाड़ न हो, इसके दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश आबकारी संशोधन विधेयक को सदन में ध्वनिमत से पारित भी करवाया है। इस कानून के प्रावधानों के तहत हिमाचल प्रदेश में अब अवैध, गुणवत्ताहीन और जहरीली शराब पकड़े जाने पर संपत्ति जब्त होगी। पांच साल तक की कैद और पांच लाख रुपए तक के जुमार्ने का भी प्रावधान किया गया है। विधेयक पारित होते ही हिमाचल अवैध, गुणवत्ताहीन और जहरीली शराब पकड़े जाने पर एक्साइज एक्ट के तहत संपत्ति जब्त करने वाला अब देश का पहला राज्य बन गया है। अन्य राज्यों में पुलिस एक्ट के तहत यह कार्रवाई होती है, वहीं हिमाचल सरकार ने अब मामले को संज्ञेय अपराध भी बना दिया है। आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) में संज्ञेय अपराध की परिभाषा ऐसे अपराध के रूप में की गई है जिसमें गिरफ्तारी के लिए किसी वारंट की जरूरत नहीं होती है। इस प्रकार के मामलों को गैर जमानती भी बना दिया गया है। चूंकि हिमाचल सरकार पहले से ही आर्थिक संकट के दौर गुजर रही है, लिहाजा ऐसे कानूनों द्वारा प्रदेश में अवैध गैर कानूनी शराब की तस्करी और बेचने पर लगाम लगेगी, अपितु कानूनी रूप से शराब ठेकों की नीलामी से सरकार को पर्याप्त राजस्व की प्राप्ति भी होगी।

एक लेखक एवं जिम्मेदार नागरिक होने के नाते आम लोगों को मैं जरूर आगाह करना चाहूंगा कि शराब का अत्यधिक सेवन करने से कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं, जैसे कैंसर, लीवर रोग, हृदय रोग, अग्नाशयशोथ, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, शराब विषाक्तता, कोमा और मृत्यु तक होने की संभावना रहती है। अधिकांश मेहनतकश लोग शराब एवं अन्य व्यसनों में अपनी कमाई व्यर्थ में उड़ा देते हैं। उनके कर्म की सार्थकता इसी में निहित है जब वे अपनी मेहनत से कमाए धन से परिवार में समृद्धि लाएं और अपने बच्चों को पढ़ा-लिखाकर अच्छा नागरिक बनाएं। चूंकि हिमाचल की 40 फीसदी 15 से 49 आयुवर्ग की पुरुष जनसंख्या शराब का सेवन कर रही है, लिहाजा ऐसे लोगों को न केवल अत्यधिक शराब के सेवन की आदत से बचना होगा, बल्कि अपने परिवारों की देखभाल के लिए शराब के सेवन को दूर से ही नमस्कार कहने में ही उनकी भलाई है। वहीं हिमाचल प्रदेश में नशे की समस्या से निपटने के लिए सरकार, समाज और परिवारों को भी मिलकर काम करना होगा।

# शोषित वर्गों के मसीहा डा. अंबेडकर

डा. अंबेडकर का जन्म रामजी सकपाल व भीमाबाई के घर में उनकी 14वीं संतान के रूप में हुआ। उनके पिता ब्रिटिश सेना में नौकरी करते थे तथा महू क्षेत्र सेना की छावनी हुआ करता था। उनका परिवार बहुत बड़ा होने के कारण लालन–पालन बड़ी मुश्किल से होता था। अत: बाबा साहब के जीवन में प्रारंभ से लेकर उनके अंतिम समय तक संघर्ष रहा। उनका जन्म म्हार जाति में हुआ, जो उस समय एक अछूत जाति थी। जिसके कारण उनको छुआछूत का दंश झेलना पड़ा।

**डा. सतपाल**

**14 अप्रैल** 1891 को ब्रिटिश भारत के मध्य प्रांत में महू नामक स्थान पर एक ऐसे व्यक्ति का जन्म हुआ जिसका नाम भारत के इतिहास में बड़े अदब से लिया जाता है। अद्भुत प्रतिभा के धनी उस व्यक्तित्व ने अपने जीवन काल में न जाने कितने आयाम स्थापित किए। भारतीय संविधान के रचयिता व दलित एवं शोषित वर्ग की आवाज को बुलंद करने वाले, यह वह शख्सियत है जिसे भारतीय इतिहास में बाबा साहब डा. भीम राव अंबेडकर के नाम से जाना जाता है। डा. अंबेडकर का नाम किसी से छुपा नहीं है। देश ही नहीं, अपितु विदेशों में भी उनका नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है। विश्वभर में उनकी सबसे ज्यादा मूर्तियां बनना इस बात की पुष्टि करता है। डा. अंबेडकर का जन्म रामजी सकपाल व भीमाबाई के घर में उनकी 14वीं संतान के रूप में हुआ। उनके पिता ब्रिटिश सेना में नौकरी करते थे तथा महू क्षेत्र सेना की छावनी हुआ करता था। उनका परिवार बहुत बड़ा होने के कारण लालन-पालन बड़ी मुश्किल से होता था। अतः बाबा साहब के जीवन में प्रारंभ से लेकर उनके अंतिम समय तक संघर्ष रहा। उनका जन्म म्हार जाति में हुआ, जो उस समय एक अछूत जाति थी। जिसके कारण उनको छुआछूत का दंश झेलना पड़ा। बाल्यकाल से समाज में फैली अस्पृश्यता, छुआछूत तथा असमानता जैसी कुरीतियों के भुक्तभोगी होने के बावजूद बाबा साहब द्वारा अपने जीवन में अनेकों अनेक कीर्तिमान स्थापित करना अपने आप में उनके संघर्ष, लगन व चहुंमुखी व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है। उन्होंने न केवल संघर्ष के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई, अपितु समाज के शोषित वर्ग को नई दिशा दिखाने का भी काम किया।

स्कूल के समय में भी उन्होंने न जाने किस-किस रूप में जातिगत अस्पृश्यता एवं भेदभाव का सामना किया। उन्हें स्कूल में अकेले एक कोने में बैठा दिया जाता था, यहां तक कि एक नल से पानी पीने तक पर प्रतिबंध था। यह भेदभाव उनके मानसिक पटल पर समाज की इस अमानवीय व्यवस्था के प्रति अमिट छाप छोड़ गया। फिर भी, बाबा साहब ने हार न मानी, नित निरंतर पढ़ाई के रास्ते पर आगे बढ़ते गए। वो प्रायः अपनी बहन को उनके साथ होने वाले भेदभाव के पीछे का कारण पूछते रहते, लेकिन कभी भी कहीं से उन्हें संतोषजनक उत्तर नहीं मिल पाया। अंततः उन्होंने शिक्षित होकर इस दमन के खिलाफ लड? का फैसला लिया। हालांकि समाज में दलित एवं शोषित समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस भेदभाव का शिकार रहा, तथा सभी अपने-अपने स्तर पर लड़ते रहे, लेकिन डा. अंबेडकर ने शोषण के खिलाफ जिस स्तर पर संघर्ष किया, वह उन्हें दूसरों से पृथक करता है। डा. अंबेडकर एक होनहार छात्र थे। इसलिए उनके बचपन के गुरु श्री कृष्ण केशव अंबेडकर ने उनको शिक्षा में काफी प्रोत्साहित किया, जिसके कारण बाबा साहब को कहीं न कहीं शोषित समाज में उम्मीद की किरण दिखी, जो अथक प्रयासों, संघर्षों और कुर्बानियों से एक ज्वाला बनकर उभरी तथा शोषण के विरुद्ध वर्तमान में भी जलती नजर आती है। उनका एक प्रसिद्ध वाक्य बुद्धि का विकास मनुष्य जीवन का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए , सही मायने में उनकी पढ?-लिखने की उत्कंठा को दशार्ता है। उनके शिक्षा के प्रति आवेग को न तो कोई मुसीबत रोक पाई, न ही सामाजिक शोषण। बाबा साहब की यह उत्कंठा महू से शुरू होकर विश्व के नामचीन विश्वविद्यालयों में जाकर पूर्ण हुई। अपनी इस उत्कंठा के चलते उन्होंने 32 विषयों में स्नातकोत्तर ड्रिग्री व विभिन्न भाषाओं का ज्ञान अर्जित किया। उन्होंने एलफिंस्टन कॉलेज से अर्थशास्त्र व राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की, तत्पश्चात कोलंबिया विश्विद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोतर डिग्री व प्रसिद्ध लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उनका सीखने का जुनून यहीं खत्म नहीं हुआ, इसलिए समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र, मानवशास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं विधि सहित 32 विषयों में स्नातकोतर की डिग्री पूर्ण करके भी कीर्तिमान स्थापित किया। उनकी शिक्षा ग्रहण करने में भी जातिगत भेदभाव साफ नजर आता है, जब उन्हें अछूत होने के कारण संस्कृत भाषा का अध्ययन करने से वंचित रखा गया और उन्हें मजबूरन फारसी भाषा का अध्ययन करना पड़ा। यद्यपि उनकी दृढ़ शक्ति के चलते उन्होंने बाद में संस्कृत भाषा को भी सीखा। उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों की अगर बात करने लग जाएं तो न जाने कितने पृष्ठ भर जाएंगे। अपितु, बाबा साहब का जीवन कभी भी अपने तक सीमित नहीं रहा। वो चाहते तो एक आराम o विलासितापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकते थे। इतनी उपाधियां प्राप्त करने के पश्चात उनको विभिन्न उच्च पदों पर आसीन होने के न्यौते मिले थे। लेकिन उन्होंने शोषित वर्ग के लिए संघर्ष करने का मार्ग चुना तथा हजारों वर्षों से सामाजिक भेदभाव झेल रहे शोषितों के लिए मार्ग प्रशस्त करने का काम किया। बाबा साहब अपने परिश्रम के दम पर कक्षा के कोने में हुए भेदभाव से लेकर गोलमेज कान्फ्रेंस में भाग लेना, संविधान निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण समिति प्रारूप समिति के अध्यक्ष तक का सफर तय किया व संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाई। लेकिन हिंदू समाज में प्रचलित जातिगत भेदभाव ने उनके मन को दुखी किया जिसके कारण उन्होंने कहा था कि ह्यमैं एक हिंदू पैदा हुआ हू, लेकिन हिंदू नहीं मरूंगा। यह निर्णय उन्होंने वर्ष 1936 में कर लिया था। लेकिन लगभग बीस वर्षों तक वो तय नहीं कर पाए कि कौनसा धर्म अपना लेना चाहिए। उन्होंने सभी धर्मों एवं उनके धर्मगुरुओं का बारीकी से अध्ययन किया। अंततः बौद्ध धर्म को अपनाने का निर्णय लिया। बौद्ध धर्म को अपनाने के पीछे उनका तर्क था कि ईसाई, इस्लाम और हिंदू धर्म में अवतरित पुरुष स्वयं को भगवान मानते हैं, जबकि महात्मा बुद्ध ने स्वयं को एक मनुष्य माना है, उन्होंने मनुष्य रहकर ही अपने धर्म का प्रचार एवं प्रसार किया और न ही वे किसी अलौकिक चमत्कार व शक्ति में विश्वास करते हैं। उन्होंने पाया कि बुद्ध का मानना है कि धर्म पर भूतकाल का दबाव नहीं होना चाहिए, यानी कि धर्म में समय व स्थिति के अनुसार परिवर्तन वांछनीय है। यही कारण रहा कि बाबा साहब बौद्ध धर्म से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए तथा 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में तीन लाख से अधिक लोगों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया। खैर आज भी बाबा साहब को गुजरने के 70 साल बाद भारत सरकार द्वारा उनके जन्म दिवस को पूरे भारतवर्ष में अवकाश की घोषणा करना, उनकी वर्तमान में महता को प्रदर्शित करता है।

# विसंवादिता, असहमति, बाधाएं और गलतफहमियां

**डॉ. ज्ञानानंददास स्वामी**

## चिंतन-मनन

रविवार का दिन था। हिरेनजी घर से बाहर निकल रहे थे। तभी उनका पंद्रह वर्षीय पुत्र तपन बोला, ,मुझे आपको इसके बारे में बात करनी थी'। ,मैं काम से बाहर जा रहा हूं', हिरेनजी ने मुंह फेरते हुए कहा। ,परंतु पापा आज रविवार है,' तपन ने कहा। ,आज एक व्यापारिक सौदा है। मैं जल्दी में हूं, रात को मिलते हैं,', पिता ने कहा। ,पिताजी, आप हर रात बारह बजे घर पर आते हैं, चूंकि मेरी सुबह स्कूल है, इसलिए मैं जल्दी सो जाता हूं' तपन ने स्पष्टता की। ,तो मां को बोल देना' हिरेनजी ने आगे बढ़ते हुए और बात करने से परहेज करते हुए कहा। ,लेकिन मुझे आपका काम है ' तपन ने फिर असफल प्रयास किया। मेरे पास अभी समय नहीं है,' हिरेनजी इतना कह कर कार में बैठ निकल गए। पिछले एक महीने से पिता की बात टालने की गतिविधि से तपन के मन में क्रोध भर गया। पिता के शब्दों ने कितने संवादों को अधूरा छोड़ दिया। नतीजा दो सीमाएं, दो तटों के बीच विसंवादिता, असहमति, बाधाएं और गलतफहमियां! हां,जब अंतर के भाव शब्द बन कर सम्मुख प्रिय व्यक्ति के कानों तक नहीं पहुंचते तब अंतर के भाव गमगीन समुद्र में तैरते हैं। इसलिए एक छत के नीचे रहने वाले दो लोगों के दिलों के बीच की दूरी हजारों मील होती है। आज हम ऐसे समाज में रहते हैं, जहां मकानों की डिजाइन नई परंतु घर टूट रहे हैं। इंसान आसानी से चांद पर से सरलता सें लौट सकता है, लेकिन अपने परिवार के लिए समय निकालना उसे कठिन लगता है। आज व्यापार में लाभ का स्तर बढ़ा है लेकिन संबंधों का स्तर नीचे जा रहा है। आज सबके पास शब्द हैं,लेकिन उन्हें सुनने वाले कान चाहिए! रॉल्फ निकोल्स कहते हैं, ,सभी मानवीय जरूरतों में सबसे बुनियादी जरूरत है समझने और समझाने की। लोगों को समझने का सबसे अच्छा तरीका उनकी बात सुनना है।' दूसरों को समझाने का सबसे अच्छा तरीका है,उनकी बात सुनना।' इसलिए गीता में केवल भगवान कृष्ण एकतरफा संवाद नहीं कर रहे हैं। प्रत्येक विषय पर अर्जुन ने प्रश्न पूछे हैं और कृष्ण भगवान उसे ध्यान से सुन कर तदनुरूप उसका हल बता रहे हैं। यही सुनने की कला समाधान की ओर ले जाती है।

## आपके पत्र

### ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफार्म से उठता विश्वास

**पिछले** दिनों ग्रेटर नोएडा की एक शुद्ध शाकाहारी युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था, जिसके द्वारा उसने अपने साथ घटित हुई एक गंभीर घटना का वर्णन करते हुए बताया कि नवरात्रों के दौरान एक रेस्टोरेंट से स्विगी ऐप के माध्यम से वेज बिरयानी ऑर्डर किया था, लेकिन डिलीवरी के बाद उसे यह जानकर गहरा आघात लगा कि उसके पास जो बिरयानी पहुंची है, वह वेज नहीं बल्कि नॉनवेज थी। युवती ने रोते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जो उसकी आस्था और भावनाओं पर हुए आघात को दशार्ता है।

यद्यपि युवती की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। प्रशासन की ओर से रेस्टोरेंट व फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। बहरहाल, यह चिंताजनक है कि ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफार्म से जनता का विश्वास उठता जा रहा है।

**मनीष विश्वास, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## जिले में पोषण पखवाड़ा शुरू, 22 अप्रैल तक आयोजित होंगे कार्यक्रम



**दुमका :** जिले में पोषण पखवाड़ा की शुरूआत को लेकर उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया।उन्होंने कहा कि यह पखवाड़ा 22 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से कई कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।
पोषण पखवाड़ा के तहत बुधवार को विभिन्न प्रखंडों में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पर्यवेक्षिकाओं सहित अन्य को सही पोषण की शपथ दिलाई।उप विकास आयुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि पोषण पखवाड़ा के तहत 22 अप्रैल2025 तक निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन पूरे जिले में किया जयेगा।

## परीक्षा संपन्न होने के 15 -20 दिन के भीतर परिणाम जारी करने का प्रयास : डॉ. इंद्रनील

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के परीक्षा विभाग ने स्नातकोत्तर (पीजी) सेमेस्टर-3 की प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन हेतु बुधवार को सभी संबंधित विभागाध्यक्षों और कॉलेज प्राचार्यों को पत्र भेजा है। इस पत्र में निर्देश दिया गया है कि सेमेस्टर-3 की परीक्षा के पश्चात जिन विषयों में प्रायोगिक परीक्षाएं निर्धारित हैं, उन्हें शीघ्रता से आयोजित कर उनके अंक परीक्षा विभाग को प्रेषित किए जाएं।
परीक्षा ओएसडी डॉ. इंद्रनील मंडल ने बताया कि परीक्षा विभाग परीक्षा संपन्न होने के 15-20 दिनों के भीतर परिणाम जारी करने का प्रयास करता है। इसलिए, प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन के लिए पहले ही निर्देश भेजे गए हैं ताकि परिणाम समय पर घोषित किए जा सकें।

## डिजनीलैंड मेले में विद्यार्थियों को मिलेगा 50 प्रतिशत का छूट : मेला प्रबंधक



**साहिबगंज :** शहर के टाउन हॉल के पीछे लगे डिजनीलैंड मेला में काफी भीड़ देखने को मिल रहा है।वही अब विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत छूट के साथ मेले में लगे विभिन्न प्रकार के झूलों में घूमने का मौका मिलेगा।आपको बता दे की डिजनीलैंड मेला आगामी 16 अप्रैल 2025 तक टाउन हॉल के पीछे संचालित किया जा रहा है। जहां इसको लेकर मेला प्रबंधक रंजीत साह ने बताया कि सरकारी विद्यालयों समेत गैर सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए बंपर छूट स्कीम के तहत 50 प्रतिशत डिस्काउंट दी जा रही है।जहां सभी विद्यार्थी अधिक से अधिक संख्या में मेला में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं।

## धरना प्रदर्शन कार्यक्रम स्थगित



साहिबगंजः सदर प्रखण्ड गंगा प्रसाद पूरब पंचायत के मुखिया संतोष कुमार गोंड ने अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना आज तीसरे दिन भी जारी रहा।वही मुखिया संतोष कुमार गोंड ने सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिख कर धरना स्थगित करने की बात कही।मुखिया संतोष कुमार गोंड ने कहा कि उसकी माँ के स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसे इलाज के लिए बाहर ले जाना पड़ रहा है।जिस कारण से धरना प्रदर्शन कार्यक्रम अस्थगित करना पड़ रहा है।आज के धरना मे नन्द जी ओझा,वार्ड सदस्य मो मोईन,नित्यानंद सिंह,दशरथ यादव,प्रमिला देवी,गुड़िया कुमारी,मनीष कुमारशफीक आलम,मो गफ्फर अली सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## ट्रेनिंग के दौरान दारोगा की हुई मौत

**विश्रामपुर :** पलामू जिले के विश्रामपुर के नावाडीह कला निवासी उदय शंकर राम की मौत ट्रेनिंग के दौरान हो गयी है। वे गढ़वा जिला में सब इंस्पेक्टर का प्रशिक्षण कर रहे थे। मृतक पुलिसकर्मी का शव पैतृक गांव विश्रामपुर के नावाडीह कला पहुंचते ही परिजनों को रोने चिल्लाने से कोहराम मच गया। परिजन रो-रो कर बेहाल है। इससे पहले दरोगा के पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन में सलामी दी गयी। पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनका अंतिम दाह संस्कार गांव के ही श्मशान घाट पर किया गया। उनके शव यात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मोर्चा ने किया समाहरणालय समक्ष प्रदर्शन

देवघर : भारत मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ बुधवार को देवघर समाहरणालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन में शामिल मोर्चा के सदस्यों ने केंद्र सरकार द्वारा संसद में पास कराए गए वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में जमकर नारेबाजी की. कहा कि अगर सरकार ने यह बिल वापस नहीं लिया, तो देवघर सहित पूरे देश में जोरदार आंदोलन किया जाएगा.
मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड के लोगों ने 12 अप्रैल को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है. मोर्चा भी इस प्रदर्शन का समर्थन करेगा. सदस्यों ने इसके साथ ही सरकार से पूरे देश में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की. मोर्चा ने देश के विभिन्न राज्यों के सभी मुस्लिम सांसदों व विधायकों से 12 अप्रैल को प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की.

# चौकीदार नियुक्ति के लिए शारीरिक जांच व दौड़ चौथे दिन भी जारी

**237 अभ्यर्थियों में 22 अनुपस्थित रहे**

**पुरुष अभ्यर्थी 106 और महिला अभ्यर्थी 26 सफल**

**शारीरिक परीक्षण सीसीटीवी के निगरानी में**

**सभी कागजातों वीडियो फुटेज को बक्से में सील कर जिला कोषागार में सुरक्षित**




मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच और दौड़ आज चौथे दिन सिद्धो कान्हू,साहिबगंज स्टेडियम में जारी रहा। चौकीदार भर्ती परीक्षा- 2024 विज्ञापन संख्या -01/24 जिसकी लिखित परीक्षा- 19 जनवरी को ली गई थी। लिखित परीक्षा में कुल 946 अभ्यर्थी सफल हुए थे। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का शारीरिक जांच एवं दौड़ परीक्षण सिद्धो-कान्हू स्टेडियम, साहिबगंज में दिनांक 07अप्रैल, 2025 से 12 अप्रैल, 2025 तक प्रातः 6:00 से 10:00 तक कराया जा रहा है।शारीरिक दक्षता परीक्षा जांच समिति में अपर समाहर्ता, साहिबगंज, अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज, अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल, जिला नियोजन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, साहिबगंज एवं श्रम अधीक्षक,साहिबगंज है। जिसमें 237 अभ्यर्थियों में 22 अनुपस्थित थे। उपस्थित अभ्यार्थियों की शारीरिक, दौड़ एवं साइकिल चलाने की परीक्षण किया गया है जिसमें 132 अभ्यर्थी सफल हुए। जिसमें महिला अभ्यर्थियों की संख्या 26 थी।सभी कार्य सीसी कैमरा की निगरानी में कराया गया। साथ ही वीडियोग्राफी भी कराई गई। रौल नंबर के अनुसार एक बार में 30-30 अभ्यर्थियों को दौड़ाया गया। दौड़ 1600 मीटर का था । जो पुरूष अभ्यर्थी 1600 मीटर का दौड़ 5 मिनट में पूरा किया उसे 20 अंक दिया गया। जो अभ्यर्थी 6 मिनट में 1600 मीटर के दौड़ पूरा किया उसे 10 अंक दिया गया एवं जो अभ्यर्थी 6 मिनट के बाद दौड़ पूरा किया उसे डिसक्वालिफाइड किया गया। महिला अभ्यर्थी 1600 मीटर का दौड़ 8 मिनट में पूरा की उसे 20 अंक दिया गया। जो महिला अभ्यर्थी 8-10 मिनट में 1600 मीटर के दौड़ पूरा की उसे 10 अंक दिया गया एवं जो महिला अभ्यर्थी 10 मिनट के बाद दौड़ पूरा की उसे डिसक्वालिफाइड किया गया।अभ्यर्थियों का रौल नंबर और दौड़ नंबर लगाने के लिए ओपन जिम स्थान में 6 टेबल लगाए गए थे। अभ्यर्थी अपने-अपने रौल नंबर के अनुसार अंकित टेबल में जाकर उपस्थिति दर्ज एवं आवश्यक दस्तावेज का सत्यापन कराया। ओपन जिम से सत्यापन कराने के उपरांत ऊंचाई का परीक्षण किया गया, ऊंचाई क्वालीफाई होने के उपरांत ही दौड़ के लिए अंदर स्टेडियम में अभ्यर्थियों को प्रवेश कराया गया। दौड़ में सफल अभ्यर्थियों का साइकिल चलाने का परीक्षण कराया गया।शारीरिक परीक्षण के समय सभी पदाधिकारी, प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी, पुलिस बल के जवान अपने कार्य के प्रति मुस्तैद दिखे। उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा इस परीक्षण कार्य में उपस्थित थे और समय-समय पर पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे ।दूसरे दिन के शारीरिक प्रशिक्षण के बाद सभी कागजातों वीडियो फुटेज को बक्से में सील करा कर जिला कोषागार में सुरक्षित रखा गया।इस अवसर पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा सुनीता किस्क? समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्नातकोत्तर नामांकन प्रक्रिया संपन्न

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका (एसकेएमयू) में सत्र 2024-26 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) नामांकन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। इस सत्र में कुल 4,102 छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों और कॉलेजों में प्रवेश लिया है। इनमें से सबसे अधिक नामांकन विश्वविद्यालय के पीजी विभागों में 1,593, साहेबगंज कॉलेज में 1,122, देवघर कॉलेज में 869, गोड्डा कॉलेज में 428, और ए.एस. कॉलेज में 90 छात्रों का हुआ है। पूरे विवि के सभी पीजी केंद्रों में विषयवार नामांकन की बात करें तो हिंदी में 661, इतिहास में 491, अर्थशास्त्र में 424, राजनीति विज्ञान में 407, जूलॉजी में 315, अंग्रेजी में 299, गणित में 269, संथाली में 233, भौतिकी में 198, भूगोल में 195, वाणिज्य में 139, और रसायनशास्त्र में 132 छात्रों ने प्रवेश लिया है। वहीं, सबसे कम नामांकन बंगला में 5, भूविज्ञान में 7, दर्शनशास्त्र में 8, उर्दू में 13, संथाल संस्कृति में 27, संस्कृत में 35, समाजशास्त्र में 54, मनोविज्ञान में 71, और बॉटनी में 76 छात्रों का हुआ है।
इस वर्ष स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों एमबीए और एमसीए में भी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक छात्रों ने प्रवेश लिया है, जिसमें एमबीए में 19 और एमसीए में 27 छात्रों का नामांकन हुआ है।
ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय में पीजी नामांकन प्रक्रिया 2 फरवरी से शुरू हुई थी और अब जाकर संपन्न हुई है। इस बीच, विश्वविद्यालय ने दो बार ऑनलाइन आवेदन के लिए चांसलर पोर्टल खोला और कई बार दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया का विस्तार किया। हालांकि, अब भी विभिन्न विषयों में नामांकन के लिए छूटे हुए छात्र कॉलेजों के चक्कर लगा रहे हैं।
विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. जयनेंद्र यादव ने कहा कि लंबी नामांकन प्रक्रिया के कारण कक्षाएं देर से प्रारंभ होती हैं, जिससे सत्र विलंबित हो जाता है। इसलिए, विश्वविद्यालय हर संभव प्रयास कर रहा है कि नामांकन प्रक्रिया को कम दिनों में संपन्न किया जाए।

## खेल युवाओं को प्रोत्साहित करेंगी और नई प्रतिभाओं को आगे लाएगी: डीडीसी

मेट्रो रेज संवाददाता



**साहिबगंज :** फूलो-झानो इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता का उद्घाटन उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया।इस टूनामेंट में सेंट जेवियर्स,जवाहर नवोदय विद्यालय केंद्रीय विद्यालय सेंट जोसेफ स्कूल के अलावा स्थानीय खिलाड़ियों ने भी भाग लिया।विभिन्न विद्यालयों और क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल का परिचय दिया।आयोजन सचिव जयकृष्ण शर्मा ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भी आज ही संपन्न कराया जाएगा।टूनामेंट में खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।आयोजन समिति को उम्मीद है।कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करेंगी और नई प्रतिभाओं को आगे लाने का अवसर प्रदान करेंगी।

## वज्रपात से महिला व दो बच्चियां घायल

**लातेहार :** लातेहार जिले में बुधवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे हुए वज्रपात की चपेट में आकर तीन लोग घायल हो गये. घायलों में एक महिला व दो बच्चियां शामिल हैं. घटना सदर थाना क्षेत्र की शीशी पंचायत के जरमनीयाटाढ़ गांव की है. मिली जानकारी के अनुसार, महिला व दोनों बच्चे घर के पास कटहल के पेड़ के नीचे खड़े थे. इस दौरान अचानक मौसम बदला और तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुआ. वज्रपात की चपेट में आकर सुस्मांति कुमारी, चन्द्रमणी कुमारी व महिला सुबन्ती देवी घायल हो गईं.
स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मुखिया को दी. मुखिया ने तीनों घायलों को अपने वाहन से लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम ने इलाज किया. चिकित्सकों के अनुसार तीनों खतरे से बाहर हैं. पीड़ित परिवारों ने डीसी से आपदा राहत कोष से मुआवजा दिलाने की मांग की है.

### पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कैंप का आयोजन

## नाई ट्रेड के शिल्पकारों को स्कीम से जोड़ने की है योजना

मेट्रो रेज संवाददाता



**कसमार :** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा सम्मान योजना अन्तर्गत नाई ट्रेड में आवेदनों की संख्या बढ़ाने हेतु विशेष अभियान के तहत बुधवार को बोकारो जिला उद्योग केंद्र द्वारा कसमार प्रखंड के खैराचातर पंचायत भवन में कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान 87 नाई कारीगरों का आवेदन प्राप्त हुआ है जिसे ऑनलाइन के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना में नामांकन कराया जाएगा। इस दौरान पंचायत के मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने बताया कि ग्रामीण कारीगरों को पीएम विश्वकर्मा योजना से आच्छादित करने से शिल्पकारों को काफी फायदा होगा। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड झारखंड सरकार द्वारा नाई ट्रेड के शिल्पकारों को योजनाबद्ध तरीके से पीएम विश्वकर्मा योजना से लिंकेज कराने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड बोकारो के डीईसी किशोर रजक ने बताया कि योजना के इस योजना से लाभुकों को स्किल अपग्रेडेशन हेतु 5 से 7 दिन की बेसिक ट्रेनिंग के साथ 500 रु. प्रति दिन का ट्रेनिंग स्टाइपेंड दिया जाएगा। साथ ही टूलकिट इंसेंटिव के तहत 15,000 रु. औद्योगिक उपकरण खरीदने के लिए, योग्य आवेदकों को कोलैटर नन-फ्री लोन, उत्पादों और सेवाओं का ऑनलाइन मार्केटिंग एवं ट्रेड फेयर में भाग लेने का अवसर मिल पाएगा। इस दौरान जिला उद्योग केंद्र के प्रखंड समन्वयक नरेंद्र शेखर, सहयोगिनी की प्रतिमा सिंह, रवि कुमार राय, विवेक जायसवाल, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

## महुआ चुनने गये युवक पर लकड़बग्घे ने किया हमला, हालत गंभीर

**लातेहार :** जंगल में महुआ चुनने गए एक युवक पर लकड़बग्घे ने हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. घटना पलामू टाइगर रिजर्व के करमडीह गांव की है. सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी अस्पताल पहुंचे और और घायल युवक से मिलकर हालचाल जाना. बताया गया कि लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के करमडीह गांव निवासी दीपक सिंह खरवार अन?य ग्रामीणों के साथ बुधवार की सुबह करीब चार बजे जंगल में महुआ चुनने गया था. इसी दौरान लकड़बग्घे ने उस पर हमला कर दिया. युवक ने भी हिम्मत दिखाते हुए लकड़बग्घे पर डंडे से प्रहार किया. उसका शोर सुनकर अन्य ग्रामीण वहां पहुंच गए. भीड़ देख लकड़बग्घा भाग निकला. ग्रामीणों ने घायल दीपक खरवार को स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया गया. डॉक्टरों ने बताया कि युवक के चेहरे व पीठ पर गहरा जख?म है, हालांकि? वह खतरे से बाहर है. रेंजर अजय टोप्पो के नेतृत्व में वन विभाग की टीम अस्पताल पहुंचकर घायल दीपक खरवार से पूरे मामले की जानकारी ली और इलाज के लिए आर्थिक मदद भी दी गई.

## एनएसयूआई ने मनाया स्थापना दिवस

**मेदिनीनगर :** एनएसयूआई की पलामू यूनिट ने संगठन का 55वां स्थापना दिवस मनाया। संगठन के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने बारालोटा में दलित बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री और फल का वितरण किया। प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने बच्चों को जागरूक करते हुए अभिभावकों से अपील की कि अपने बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र या स्कूल में पढ़ने के लिए भेजे ताकि सरकार से मिलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके। पूर्व जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा कि एनएसयूआई 55 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी कर चुकी है। यह सिर्फ एक संगठन नहीं, बल्कि हर छात्र की उम्मीद, हक और आवाज हैं। मौके पर रिशु दुबे, ओम प्रकाश त्रिपाठी, हाशिम बिस्मिल, गुलाम नबी आदि उपस्थित थे।

## ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर 80 लाख रुपए की जेवर की हुई चोरी

**छतरपुर :** पलामू जिले के छतरपुर शहर के में रोड बाजार स्थित अशोक ज्वेलर्स की दुकान से अपराधियों ने मंगलवार की रात में करीब 80 लाख के ज्वेलर्स की चोरी कर ली। थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि सात माह पहले अशोक सोनी से ही ज्वेलर्स की लूट की घटना को अंजाम दी गई थी। इसके बाद सभी शहर के ज्वेलर्स व्यवसाईयों के साथ एक बैठक की गई थी। जिसमें गोपनीय तौर पर यह निर्देश दिया गया था कि जिस भी थैली में आप लोग ज्वेलरी रखते हैं, उसमें जीपीएस चिप्स अटैच कर दें जिससे चोरी के बाद अपराधियों की लोकेशन के आधार पर अविलंब गिरफ्तारी हो सके। सात माह बाद शहर के अशोक सोनी के ही दुकान से ज्वेलरी चोरी की घटना को अंजाम दी गई। इसके बाद रात दो जीपीएस लोकेशन एक्टिव हो गई।हालांकि चोरी की सूचना अहले सुबह व्यवसायी को दुकान का शटर खुला हुआ पाया तो सूचना दी गई थी। उसके बाद पुलिस की एक्टिंग लोकेशन को ट्रैक कर रही थी। जिसमें पता चला कि अपराधी बिहार के औरंगाबाद के ही औरंगाबाद गया रोड में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस जब तक वहां पहुंचती तब तक कमरे से अपराधी फरार हो गए थे। कमरे में खाना परोसा हुआ छोड़कर अपराधी भाग निकले। क्योंकि व्यवसायी द्वारा अनजाने में जीपीएस की गोपनीयता सार्वजनिक कर दी गई जिसके कारण अपराधियों को इसकी भनक लग गई और कमरे में ही जीपीएस को तोड़फोड़ कर फेंक कर अपराधी भाग निकले।

## वर्चस्व की लड़ाई ने विस्थापित आंदोलन को किया बर्बाद : इमाम सफी

मेट्रो रेज संवाददाता

**कसमार :** 03 अप्रैल को अपरेंटिस प्रशिक्षित संघ के छात्रों ने बोकारो स्टील प्लांट के एडीएम विल्डिंग के समक्ष नियोजन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन के दौरान सीआईएसएफ के जवानों द्वारा लाठीचार्ज किया गया जिससे प्रेम कुमार महतो की मृत्यु हो गई और कई छात्र को गंभीर चोट आई जिसका बीजीएच में इलाज जारी है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय विधायक स्वेता सिंह पहुंची और कुछ समय बाद डुमरी विधायक भी पहुंचा जिसके बाद दोनों विधायकों के समर्थक आपस में उलझ पड़े और देखते ही देखते विस्थापित आंदोलन दिशाहीन हो गया। दोनों विधायक की जुबानी जंग शुरू हो गई। 04 को बोकारो पुरी तरह बंद रहा वार्ता के लिए कई विधायक डीसी कार्यालय पहुंचे वहां भी विधायक स्वेता सिंह और जयराम महतो के समर्थक लड़ने लगे जिससे विस्थापित आंदोलन की कमजोरी उजागर कर दिया जिससे वार्ता असफल हो गया। देर शाम धारा 163 लगाकर आंदोलन को कुचलने का काम किया गया। दोनों



विधायकों के जुबानी जंग तेज हो गया जिससे आन्दोलन पुरी तरह दिशाहीन हो गया।
इसी कमजोरी को भांपते हुए सांसद ढुल्लू महतो ने पीड़ित परिवार, आन्दोलनकारी से बिना कोई बात किए आनन-फानन में शहीद प्रेम कुमार महतो के गार्जियन को पांच लाख रुपया की चेक, अस्थाई नोकरी, 20 डिसमिल जमीन मुआवजा की आश्वासन देकर आंदोलन को समाप्त करवा दिया।
दुसरे दिन सेल प्रबंधन के शिकायत पर लगभग 400 अज्ञात आन्दोलनकारी पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया। जो आंदोलन को हमेशा के लिए कुचलने की कोशिश है। सबसे आश्चर्य की बात है कि आन्दोलन में लगातार बयानबाजी करने वाले विधायक, सांसद पर कोई केस दर्ज नहीं किया जाता है। एक विस्थापित की बेटा मारा गया लेकिन दोषी सेल प्रबंधन और सीआईएसएफ के जवान पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।
एशिया का सबसे बड़ा इस्पात कारखाना आज जमीन देने वाले को नौकरी मांगने पर मौत बांट रहा है। जो बहुत ही पीड़ादायक और असहनीय होता जा रहा है। राज्य और केंद्र सरकार इसका तमाशा देख रहे हैं। समय रहते सरकार इसका समाधान नहीं करते हैं तो जमीन मालिक और स्थानीय लोगों की बर्दाश्त की इंतहा पार कर गया है, कहीं ऐसा न हो कि आने वाले समय में बोकारो स्टील प्लांट इतिहास में दर्ज.होकर रह जाएगा।

# फैशन की दुनिया के सबसे बड़े मंच पर कियारा आडवाणी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री कियारा आडवाणी इस साल फैशन की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित मंच मेट गाला में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं। कियारा इस भव्य फैशन मंच पर कदम रखेंगी और यह पल उनके व्यक्तिगत और पेशेवर सफर में एक अहम उपलब्धि होगा, जो उनकी खूबसूरती और शक्ति का प्रतीक बनेगा। मेट गाला, जो कला और सांस्कृतिक महत्व का उत्सव है, अब कियारा की मौजूदगी से और भी खास बन जाएगा। उनकी यह उपस्थिति केवल स्टाइल का मामला नहीं है।

यह अपने आप को नए सिरे से परिभाषित करने, विकास को अपनाने और एक संपूर्ण रूप में उभरती महिला की ताकत को दिखाने का प्रतीक है। कियारा ने पिछले साल, कान्स में रेड सी फिल्म फाउंडेशन के वूमन इन सिनेमा गाला डिनर में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जो भारतीय सिनेमा की बढ़ती वैश्विक पहचान को दशार्ता है। वहां उनका पिंक और ब्लैक गाउन, जिसमें बारीक लेस की डिजाइन थी, सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था और फैशन में एक नया ट्रेंड सेट किया था। फैशन से आगे बढकर कियारा ने खुद को अपने समय की सबसे सफल और बहुपरिचित भारतीय अभिनेत्रियों में स्थापित किया है। इस तरह के अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कियारा की मौजूदगी भारतीय प्रतिनिधित्व के लिए नए मानदंड तय कर रही है। उनकी करियर यात्रा, जिसमें बेहतरीन अभिनय और व्यवसायिक सफलता दोनों शामिल हैं, अब फिल्मों से आगे बढकर वैश्विक फैशन सर्कल्स तक पहुंच चुकी है। मेट गाला में उनकी यह पहली उपस्थिति उनके बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को और मजबूती देती है और विश्व मंच पर उनके कद को और ऊंचा करती है।







# बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी 'छावा'

एक ब्लॉकबस्टर थिएट्रिकल रन के बाद, मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित छावा अब 11 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर विशेष रूप से स्ट्रीम करने के लिए तैयार है। लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स के लिए दिनेश विजन द्वारा निर्मित, यह फिल्म भारत के सबसे महान योद्धाओं में से एक, छत्रपति संभाजी महाराज की असाधारण, प्रेरक कहानी को जीवंत करती है, जिसे विक्की कौशल ने एक भव्य ऐतिहासिक तमाशे में निभाया है।

बॉक्स ऑफिस पर अपनी अपार सफलता के बाद, अब छावा नेटफ्लिक्स के जरिए दुनिया भर के दर्शकों तक पहुँचने के लिए अपनी स्ट्रीमिंग यात्रा पर निकल पड़ी है। विक्की कौशल, अक्षय खन्ना, रश्मिका मंदाना, आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, विनीत कुमार सिंह, नील भूपालम और डायना पेंटी जैसे बेहतरीन कलाकारों के साथ, इस फि ल्म ने अपने दमदार अभिनय, मनोरंजक कहानी और महान ए.आर. रहमान के मंत्रमुग्ध कर देने वाले साउंडट्रैक और इरशाद कामिल के लिखे गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है।




विक्की कौशल ने अपनी अब तक की सबसे दमदार भूमिका में ऐसा अभिनय किया है जिसने दर्शकों और आलोचकों को चकित कर दिया है। फिल्म के नेटफ्लिक्स पर आने के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाना शब्दों से परे सम्मान की बात है और मेरे करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक है। उनका साहस, लचीलापन और विरासत ऐसी चीजें हैं जो दुनिया के हर कोने तक पहुंचनी चाहिए। नेटफ्लिक्स के साथ, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उनकी कहानी न केवल भारत में गहराई से प्रवेश करे, बल्कि उसे वह वैश्विक मंच भी मिले जिसकी वह हकदार है।



## रेड 2: ट्रेलर जबरदस्त, फिल्म भी जबरदस्त होगी

**बॉलीवुड** अभिनेता अक्षय कुमार ने अजय देवगन को उनकी आने वाली फिल्म रेड 2 के लिए बधाई दी है। फिल्म रेड 2 का ट्रेलर हाल हीं में रिलीज हुआ है। फिल्म में अजय देवगन की मुख्य भूमिका है। राजकुमार गुप्ता के निर्देशन में बन रही यह फिल्म वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म रेड की सीक्वल है। फिल्म रेड बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।

अब रेड 2 सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। रेड 2 में रितेश देशमुख खलनायक का किरदार निभाते नजर आएंगे, वहीं अब अजय देवगन के दोस्त अक्षय कुमार ने अजय देवगन को उनकी फिल्म रेड 2 के लिए बधाई दी है। अक्षय कुमार में इंस्टा स्टोरी पर फिल्म रेड 2 का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, भाई! क्या ट्रेलर था। मैं दुआ करता हूं कि 75वीं रेड थिएटर्स में 75 हफ्ते पूरे करे। रेड 2 के लिए बधाई। वहीं रितेश देशमुख को टैग करते हुए अक्षय कुमार ने लिखा कि तुम पर खलनायक का रोल जमता है। फिल्म रेड 2 में वाणी कपूर, रजत कपूर, सुप्रिया पाठक, अमित सियाल और अन्य कलाकार भी हैं। फिल्म रेड 2 का निर्माण टी-सीरीज और पैनोरमा स्टूडियो के बैनर तले भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार किया है। राज कुमार गुप्ता निर्देशित रेड 2 पहली मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज

## पंजाब के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर जुर्माना, एक डिमेरिट अंक भी मिला



**चंडीगढ़:** पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट अंक भी जोड़ गया है। पंजाब और चेन्नई के बीच न्यू पीसीए स्टेडियम में खेले मैच में मैक्सवेल को आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया था।

मैक्सवेल ने आईपीएल आचार संहिता अनुच्छेद 2.2 (मैच के दौरान गाली गलौच और तोडफोड) लेवल 1 अपराध और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया हैं। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आचार संहिता के लेवल-1 उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।

# ऋतिक रोशन से मिलने के लिए फैन ने खर्च किए 1.2 लाख, 2 घंटे तक किया इंतजार, लेकिन एक भी फोटो नहीं मिली

**बॉलीवुड** अभिनेता ऋतिक रोशन ने हाल ही में टेक्सास के डलास में एक कार्यक्रम आयोजित किया, और कई लोगों को परेशान कर दिया। जबकि कुछ ने आयोजकों को खराब प्रबंधन के लिए दोषी ठहराया, फ्र्ी३ पर एक पोस्ट में विस्तार से बताया गया कि कैसे ऋतिक ने प्रीमियम एंट्री के लिए लाखों रुपये का भुगतान करने के बाद भी प्रशंसकों द्वारा 2 घंटे तक लाइन में इंतजार करने के बावजूद तस्वीरें लेने से इनकार कर दिया।

टेक्सास शो की कई तस्वीरें और वीडियो अब ऑनलाइन सामने आए हैं। किसी ने लिखा, ऋतिक रोशन से मिलने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 1500 डॉलर + सामान्य प्रवेश टिकट खर्च किए और मुझे एक तस्वीर भी नहीं मिली। आधे से ज्यादा लोगों के साथ तस्वीरें लेने से इनकार कर दिया और इतने पैसे खर्च करने के बावजूद हमें वापस भेज दिया। हमने मना किए जाने के लिए 2 घंटे लाइन में इंतजार किया? उपयोगकर्ता ने यह भी दावा किया कि ऋतिक जो शो में केवल 30 मिनट के लिए



पहुंचे, नाराज लग रहे थे। प्रबंधन को दोषी ठहराते हुए, पोस्ट में यह भी उल्लेख किया गया, यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि यह इतनी ठंड में बाहर था। वह 30 मिनट के शो के लिए आया था। वीआईपी की बबार्दी!!! ओह हाँ, वे हमें रिफंड भी नहीं देंगे!! ऋतिक से प्यार है, लेकिन यह कार्यक्रम इतना अव्यवस्थित था कि वह भी नाराज हो गया।


प्रशंसकों ने इस आयोजन को पूरी तरह से अव्यवस्थित बताया। ऊंची कीमतों और कम समय तक कार्यक्रम में शामिल होने की शिकायतों क`

साथ- साथ, कई प्रशंसकों ने बच्चों को जोखिम में डालने की कहानियां भी साझा कीं। ऋतिक के इंस्टाग्राम पोस्ट पर एक व्यक्ति ने टिप्पणी की, दुर्भाग्य से, हमने जो देखा वह पूरी तरह से अव्यवस्थित था - छोटे बच्चों को धक्का दिया जा रहा था और यहां तक ??कि भगदड़ भी मची। मैंने व्यक्तिगत रूप से बच्चों को संभावित खतरनाक स्थितियों में फंसे देखा, जो बेहद चिंताजनक था। आगे बढ़ते हुए, कृपया ऐसे आयोजनों के लिए केवल सक्षम और अनुभवी आयोजकों के साथ साझेदारी करने पर विचार करें। खराब प्रबंधन न केवल प्रशंसक अनुभव को प्रभावित करता है बल्कि आपकी विश्वसनीयता को भी नुकसान पहुंचा सकता है, जिसे हम जानते हैं कि आपने वर्षों की कड़ी मेहनत से बनाया है।

एक अन्य उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की यह पूरी तरह से सच है! मेरी दोस्त गई थी और उसने कहा कि यह भयानक था। अगली बार वह एनजे आ रहा है और पोस्टर देखेगा! हास्यास्पद मूल्य निर्धारण। किसी ने यह भी कहाः केवल आयोजकों पर दोष क्यों डाला जाए? ऋतिक को भी दोषी ठहराया जाना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार, इंस्टाग्राम पर भी मीट एंड ग्रीट में शामिल होने वाले लोगों की कई शिकायतें देखी गईं। किसी ने लिखा, ₹कार्यक्रम में चौंकाने वाली कुव्यवस्था से बहुत निराश हूं। हमारे बच्चों ने 2 महीने से अधिक समय तक तैयारी की, केवल असुरक्षित, भीड़भाड़ वाली परिस्थितियों में 8 घंटे से अधिक इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ा - यहां तक ??कि उन्हें पानी भी नहीं दिया गया। आयोजकों ने उन्हें उनके पल से वंचित किया और उनकी भावनाओं के साथ खेला। इस अनुभव ने एक ऐसा दाग छोड़ दिया है जिसे ये बच्चे लंबे समय तक अपने साथ रखेंगे। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और हम माता-पिता आयोजकों पर मुकदमा करने पर विचार करेंगे, जिन्होंने बच्चों और माता-पिता की भावनाओं, समय और खर्च किए गए पैसे की परवाह किए बिना केवल अपने प्रचार के बारे में सोचा।

प्लेटफॉर्म पर एक अन्य उपयोगकर्ता ने भी कहा ,मैं अपनी छोटी लड़की कियारा का अभिभावक हूं जो आर्या डांसिंग ग्रुप का हिस्सा है। कल जब बच्चे प्रदर्शन करने के लिए राज्य में आए, तो उनका गाना शुरू हुआ और तुरंत उन्हें मंच से हटा दिया गया। मेरे पास वह वीडियो है जिसमें हैरान और डरे हुए बच्चों को मंच से हटाते हुए दिखाया गया है। अमेरिका में ऋतिक रोशन ऋतिक ने अभी तक इन दावों का जवाब नहीं दिया है। वह वर्तमान में अपने अमेरिकी दौरे पर हैं और अपने शेड्यूल के अनुसार 10 अप्रैल को न्यू जर्सी में होंगे। वह 12 अप्रैल को शिकागो में तथा 13 अप्रैल को बे एरिया में भी रहेंगे।



## पत्नी जया के बर्थडे पर अमिताभ बच्चन का खास पोस्ट, बधाई देने पर फैंस को दिया धन्यवाद

> अमिताभ बच्चन ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर लिखा- 'जया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों को मेरा आभार और प्यार... हर एक को जवाब देना असंभव होगा, इसलिए यहां यह टिप्पणी है...।"

**गुड्डी'**, 'पिया का घर', 'कभी खुशी कभी गम...', और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए मशहूर जया बच्चन 77 साल की हो गईं हैं। इस मौके पर उन्हें फैंस और करीबियों की खूब शुभकामनाएं मिल रही हैं। वहीं, अमिताभ बच्चन ने भी इस मौके पर पत्नी जया को जन्मदिन की बधाई दी और उनके लिए अपना प्यार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने जया को बर्थडे विश करने वालों का भी आभार जताया।

अमिताभ बच्चन ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर लिखा- 'जया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों को मेरा आभार और प्यार... हर एक को जवाब देना असंभव होगा, इसलिए यहां यह टिप्पणी है...।"

वहीं, उनकी नातिन एवं उद्यमी नव्या नवेली नंदा ने जया बच्चन के साथ अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'जन्मदिन मुबारक नानी।'

बता दें, 'जंजीर', 'अभिमान', 'शोले', 'चुपके-चुपके', 'मिली' और 'सिलसिला' जैसी लोकप्रिय फिल्मों में साथ-साथ काम कर चुके जया और अमिताभ बच्चन ने 1973 में शादी की थी। दोनों के दो बच्चे हैं - श्वेता बच्चन नंदा और अभिषेक बच्चन।

# आईपीएल ने मेरा ट्वेंटी-20 गेम निखाराः विराट कोहली

**बंगलुरु :** महान बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि उनका मूल सिद्धांत अहंकार पर काबू रखते हुए मैच की परिस्थितियों के हिसाब से बल्लेबाजी करना है। मौजूदा दौर के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक कोहली ने हाल ही में एक और उपलब्धि हासिल की । वह टी20 प्रारूप में 13000 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। कोहली ने कहा, यह (बल्लेबाजी) कभी अहंकार के बारे में नहीं है। यह कभी किसी को मात देने की कोशिश नहीं है। मेरे लिए यह हमेशा खेल की स्थिति को समझने के बारे में रहा है। यह कुछ ऐसा है, जिस पर मुझे हमेशा गर्व है।



मैं परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहता हूं। उन्होंने कहा, अगर मैं लय में होता हूं, तो मैं स्वाभाविक रूप से जिम्मेदारी उठाने की पहल करता। अगर कोई और बेहतर तरीके से खेल रहा होता है तो वह ऐसा करता है। विराट ने स्वीकार किया कि आईपीएल में 18 साल बिताने से उन्हें क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में अपने कौशल को निखारने में मदद मिली। उन्होंने कहा, आईपीएल आपको बहुत ही अनोखे तरीके से चुनौती देता है, क्योंकि इस लीग की संरचना काफी अलग है।

# आईपीएल 2025 : आज अजेय दिल्ली की रॉयल चैलेंजर्स से होगी कांटे की टक्कर

**बंगलुरुः** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल के 24वें मैच में 10 अप्रैल को बंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी। पिछले मैच में आरसीबी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी ओवर में रोमांचक जीत दर्ज की थी। यह 2015 के बाद से इस मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी की पहली जीत थी। दूसरी तरफ दिल्ली लगातार तीन मैचों में तीन जीत के साथ जबरदस्त फॉर्म में है। दिल्ली एकमात्र ऐसी टीम है, जो इस सीजन एक भी मैच नहीं हारी है।







अक्षर पटेल की अगवाई वाली टीम आरसीबी के खिलाफ भी इसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी। दोनों टीमों के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें, तो वहां आरसीबी का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

बंगलुरु और दिल्ली के बीच अब तक 31 आईपीएल मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें बंगलुरु 19 जीत के साथ आगे है, जबकि दिल्ली 11 मुकाबले जीतने में कामयाब रही है। 2015 में दोनों टीमों के बीच एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बंगलुरु और दिल्ली के बीच 12 मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें आरसीबी ने सात मैच जीते हैं। दिल्ली की टीम बंगलुरु में आरसीबी के खिलाफ सिर्फ चार मैच ही जीत पाई है। इस रिकॉर्ड को देखकर यह साफ हो गया है कि इन दोनों टीमों के बीच जब अगला मुकाबला खेला जाएगा वहां बंगलुरु फेवरेट्स होगी।

न्यूज ब्रीफ




## यूपीआई पेमेंट को लेकर आरबीआई का बड़ा फैसला, एनपीसीआई को दिया ट्रांजेक्शन लिमिट चेंज करने का अधिकार

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के लगातार बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए लेनदेन की सीमा को अधिक लचीला बनाने की दिशा में आज एक बड़ा कदम उठाया। आरबीआईने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम को यूपीआई के जरिए होने वाले लेनदेन की सीमा को बदलने का अधिकार दे दिया।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि एनपीसीआई को अधिकार दिया गया है कि वह बैंकों और अन्य हितधारकों से परामर्श कर नई परिस्थितियों के अनुसार यूपीआई लेनदेन सीमाओं में संशोधन कर सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यूपीआई पर व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) और व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) लेनदेन की अधिकतम सीमा एक लाख रुपए है। हालांकि कुछ विशेष पी2एम मामलों में यह सीमा दो लाख रुपए और पांच लाख रुपए तक जाती है।

संजय मल्होत्रा ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत एनपीसीआई जरूरतों के अनुरूप यूपीआई लेनदेन की नई सीमाएं तय कर सकेगा। बैंक इन घोषित सीमाओं के भीतर अपने जोखिम आकलन के अनुसार अपनी आंतरिक सीमाएं तय करने के लिए स्वतंत्र होंगे। उच्च लेनदेन सीमा के साथ आने वाले जोखिमों को कम करने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे। आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि यूपीआई के जरिए पी2पी लेनदेन पर एक लाख रुपए की मौजूदा सीमा आगे भी बनी रहेगी और एनपीसीआई को इस संबंध में निर्देश दिया जाएगा।

## भारत ने रोक दिया बांग्लादेश का रास्ता, चीन की गोद में बैठ उछल रहे पड़ोसी देश को दिखाई औकात



**नई दिल्ली:** बांग्लादेश की नई चालबाजियों और चीन से बढ़ती नजदीकियों को देखते हुए भारत ने बड़ा कदम उठाते हुए उसकी ट्रांजिट सुविधा पर रोक लगा दी है। दरअसल, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने हाल ही में चीन के दौरे के दौरान भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को लेकर एक विवादास्पद बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत पूरी तरह से जमीन से घिरा हुआ है और बांग्लादेश ही इस पूरे इलाके के लिए एकमात्र समुद्री दरवाजा है। उन्होंने यहां तक कह डाला कि यह क्षेत्र चीन की अर्थव्यवस्था का विस्तार बन सकता है। भारत ने इस बयान को गंभीरता से लिया और तुरंत आर्थिक जवाब दे डाला। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के सेंट्रल बोर्ड ऑफ इंडायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स ने 2020 में जारी एक सर्कुलर को रद्द कर दिया, जिसके तहत बांग्लादेश को अपने निर्यात को नेपाल, भूटान और म्यांमार जैसे देशों तक भारतीय जमीन के जरिए भेजने की छूट मिली थी।

अब यह सुविधा खत्म कर दी गई है, जिससे बांग्लादेश का थर्ड-कंट्री ट्रेड बुरी तरह से प्रभावित होगा। यूनुस का चीन में दिया गया बयान केवल बयान नहीं था, बल्कि उनकी मंशा साफ तौर पर दिख गई। उन्होंने न सिर्फ खुद को इस क्षेत्र का समुद्री संरक्षक बताया, बल्कि चीन को पूर्वोत्तर भारत में घुसाने की वकालत भी कर डाली। इससे भारत की संप्रभुता और रणनीतिक हितों पर सीधा हमला माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, बांग्लादेश ने चीन को भारत के संवेदनशील चिकन नेक कॉरिडोर के पास लालमोनिरहाट एयरबेस को विकसित करने का न्योता दिया है। यह वही इलाका है, जो भारत के पूर्वोत्तर को बाकी देश से जोड़ता है।

## शिमला में चिट्टा तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, पुलिस ने 63.53 ग्राम चिट्टा कब्जे में लिया, पांच गिरफ्तार



**शिमला:** शिमला पुलिस ने चिट्टा तस्करों पर शिकंजा कस दिया है। शिमला पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में तीन अंतर राज्य तस्करों सहित पांच आरोपियों को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 63.53 ग्राम चिट्टे की खेप बरामद की है। पुलिस आरोपियों के बैक वर्ड लिंकेज खंगाल रही है। पुलिस पता लगा रही है कि आरोपी चिट्टा कहां से लेकर आए और कहां सप्लाई करने जा रहे थे। पहला मामला पुलिस थाना कोटखाई का है, जिसमें पुलिस ने टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक महिला समेत तीन आरोपियों को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 54.420 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस थाना कोटखाई के एसएचओ अंकुश ठाकुर पुलिस टीम के साथ गुम्मा बाजार में मौजूद थे, इस दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक पंजाब नंबर की गाड़ी में कुछ लोग चिट्टा लेकर शिमला से कोटखाई की ओर आ रही है। हुल्ली ब्रिज पर गाड़ी की तलाशी ली तो चिट्टा बरामद किया। चिट्टे के साथ पकड़े गए आरोपियों की पहचान अभिषेक मेहरा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम दुर्गा एम्पायर कॉलोनी छतरपुर उत्तराखंड ,रॉबिन सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम शिवपुरी मुजफ्फरनगर और शबाना उर्फ माही उम्र 23 वर्ष पत्नी रोबिन सिंह ग्राम शिवपुरी डा. मीरापुर तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। उधर, डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा का कहना है कि पुलिस ने चिट्टे के साथ पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके अलावा दूसरे मामले में पुलिस थाना ढली के पुलिस कर्मियों ने गश्त के दौरान लक्ष्य शर्मा उम्र 25 साल निवासी गांव रौडी तहसील सुन्नी जिला शिमला के कब्जे से 6.25 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। वहीं, तीसरे मामले में पुलिस थाना ढली के पुलिस कर्मियों ने गश्त के दौरान मशोबरा के पास अखिल कुमार उम्र 27 के निवासी वीपीओ बलदेहा जिला शिमला कब्जे से 2.86 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। उधर, एसपी शिमला संजीव गांधी का कहना है कि पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है।

# नवकार महामंत्र कार्यक्रम में बोले प्रधानमंत्री मोदी, भारत की पहचान स्थापित करने में निभाई अहम भूमिका

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित नवकार महामंत्र कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पीएम मोदी बिना जूते के पहुंचे। इसके अलावा उन्होंने मंच पर नहीं, बल्कि आम लोगों के साथ बैठकर कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक धोती और कुर्ता धारण किया था। कार्यक्रम में श्वेत वस्त्र में पीएम मोदी नवकार महामंत्र का जाप करते दिखे। इस आयोजन में 108 देशों से आए प्रतिनिधि एक साथ वैश्विक सामूहिक मंत्र के जाप के साक्षी बने। इस दौरान उन्होंने कहा कि जैन धर्म ने भारत की पहचान स्थापित करने में अमूल्य भूमिका निभाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसके मूल्य आतंकवाद, युद्ध और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों से पार पाने में मददगार हैं। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार इस प्राचीन धर्म



की विरासत और शिक्षाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि तीर्थकरों की शिक्षाओं और मूर्तियों के जरिए इस धर्म का प्रभाव संसद भवन पर दिखाई देता है। अनेकांतवाद के सिद्धांत का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया को इसकी बहुत जरूरत है, क्योंकि इसके तहत विभिन्न दृष्टिकोणों की सराहना की जाती है। अनेकांतवाद जैन धर्म में गैर-निरपेक्षता को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख सिद्धांत है। इसके तहत यह माना जाता है कि अंतिम सत्य को अलग-अलग तरीके से देखा जा सकता है।

पीएम ने किया नौ प्रतिज्ञाएं लेने का अनुरोधः मोदी ने लोगों से जल संरक्षण, अपनी मां की याद में एक पौधा लगाना, स्वच्छता को बढ़ावा देना, स्थानीय लोगों के लिए मुखर होना, देश में यात्रा करना, प्राकृतिक खेती को अपनाना, मोटे अनाजों का अधिक सेवन कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और खाद्य तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत की कटौती करना, गरीबों की मदद करना और खेल तथा योग को दिनचर्या में सम्मिलित करने समेत नौ प्रतिज्ञाएं लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से देश भर में एकता का संदेश ले जाने और भारत माता की जय कहने वाले किसी भी व्यक्ति को गले लगाने को कहा।

### एआईसीसी अधिवेशन में बोले खडगे

## ईवीएम से चुनाव धोखाधड़ी, पूरी दुनिया बैलेट पर आई

**अहमदाबाद:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार की टीस अब भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के मन में है। उन्होंने अहमदाबाद में कांग्रेस के अधिवेशन में कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में धोखाधड़ी से भाजपा ने जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि विपक्ष को हराने के लिए राज्य में फ्रॉड किया गया था। यही नहीं उन्होंने ईवीएम से चुनाव कराने पर भी दोबारा सवाल उठाए। खडगे ने कहा कि पूरी दुनिया ईवीएम से बैलेट पेपर की ओर बढ़ रही है, लेकिन हम ईवीएम का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह सब धोखाधड़ी है। इसे बंद किया जाना चाहिए और भारत में भी बैलेट पेपर से चुनाव कराने की जरूरत है।

मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि पूरी दुनिया ही अब बैलेट पर



है और हम ईवीएम से चुनाव करा रहे हैं। यही नहीं मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि हम तो आजादी की दूसरी लड़ाई लड़ रहे हैं।

गुजरात पर कांग्रेस नेता बीवी श्रीनिवास के बिगड़े बोल; कहा, राहुल गांधी वेस्ट इंडिया से लड़ रहे

यूथ कांग्रेस के नेता बीवी श्रीनिवास ने गुजरात को लेकर ऐसी टिप्पणी की है, जिस पर राजनीतिक बवाल हो सकता है। उन्होंने कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बुधवार को कहा कि जैसे महात्मा गांधी जी ने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। हमारे नेता राहुल गांधी वेस्ट इंडिया के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार समाज के सभी वर्गों के खिलाफ है। इस सरकार ने दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई वेस्ट इंडिया से है। यही नहीं बिना किसी का नाम लिए ही इशारों में बीवी श्रीनिवास ने कहा कि हमारी लड़ाई वेस्ट इंडिया से है। यहीं के दो लोग देश को बेच रहे हैं और यहीं के दो लोग देश को खरीदने का काम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ी है।



## मैं भाजपा के हिंदुत्व के साथ नहीं, लोजपा प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का बड़ा बयान

**नई दिल्ली:** लोजपा प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को एक इंटरव्यू के दौरान साफ कहा कि वह भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे के साथ नहीं हैं। उन्होंने तो यहां तक कहा कि धर्म और राजनीति को अलग रहना चाहिए, ताकि देश के असल मुद्दों पर बहस हो सके और उन पर ध्यान दिया जा सके। उन्होंने कहा कि मैं एक ऐसी व्यवस्था चाहता हूं कि जहां पर धार्मिक संगठन राजनीतिक पक्षपात न करें। राजनेता और राजनीतिक दल धर्म की चर्चा न करें। जब हम राजनीति और धर्म को अलग कर देंगे, तो मुझे लगता है कि एक बड़ी समस्या का हल अपने आप हो जाएगा। यह पूछे जाने पर कि भाजपा हिंदुत्व की पार्टी है। भाजपा हिंदुत्व पर जो चर्चा करती है, उस पर चर्चा नहीं करनी चाहिए? इस पर चिराग पासवान ने कहा कि मुझे लगता है कि इस पर चर्चा किसी को नहीं करना चाहिए। यह व्यक्तिगत आस्था का विषय है। मैं टीका लगाऊं या कलेवा पहनूं, इस पर किसी को कुछ कहने का अधिकार नहीं होना चाहिए। धर्म व्यक्तिगत आस्था का विषय है। मुझे कहां जाना है, किस मंदिर या चर्च में जाना चाहिए, मुझे यह बताने वाला दूसरा कौन होता है। अगर मेरे सहयोगी ही गलत हैं, तो भी यह मेरी जिम्मेदारी है। हर पार्टी में ऐसे लोग होते हैं जिन्हें सांप्रदायिकता के आधार पर राजनीति पसंद है। जातिवाद की राजनीति बंद होनी चाहिए। जो लोग यह करते हैं, वे अपने हित के लिए करते हैं। देश के हित में तो वे कतई नहीं हैं।

## अयोध्या में अब होगी राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा



**अयोध्या:** श्रीराममंदिर के निर्माण कार्य में तेजी देखने को मिल रही है। योगी सरकार की निगरानी में यह ऐतिहासिक राम मंदिर निर्माण कार्य अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। बुधवार को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अयोध्या में राममंदिर में रामलला के अलावा 18 और मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा जून में होगी। ये मूर्तियां राजस्थान के जयपुर में बनाई जा रही हैं। ये मूर्तियां 15 अप्रैल के बाद अयोध्या पहुंच जाएंगी। इसके बाद 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के मौके पर सिंहासन पर मूर्तियों को रखा जाएगा। फिर जून में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटा में छह मंदिरों की स्थापना होगी। इनमें सूर्य, भगवती, अन्नपूर्णा, शिवलिंग, गणपति और हनुमान जी की मूर्तियां शामिल हैं। इसके अलावा, शेषावतार मंदिर में लक्ष्मण जी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। सप्त मंडप में महर्षि वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र,

- **राम मंदिर के प्रथम तल पर 30 अप्रैल को होगी राज दरबार की स्थापना**
- **जून में 18 मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठ, अक्षय तृतीया पर सिंहासन पर विराजेंगे**

अगस्त्य मुनि, निषाद राज, शबरी और अहिल्या की मूर्तियां स्थापित होंगी। ये सभी प्रतिमाएं सफेद मकराना मार्बल से तैयार की गई हैं, जिनका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।

मूर्तियों के श्रृंगार, वस्त्र और आभूषणों की तैयारी भी जोरों पर है। चंपत राय ने बताया कि तुलसीदास की मूर्ति पहले ही स्थापित की जा चुकी है और यात्री सुविधा केंद्र के मंडप में श्रद्धालु उनके दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर राम दरबार को प्रथम मंजिल के गर्भगृह में स्थापित कर दिया जाएगा। जून में ट्रस्ट के सभी सदस्यों की उपस्थिति में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होगा, जिसमें जलवास, अन्नवास, औषधिवास और शैय्यावास जैसे अनुष्ठान शामिल होंगे। शेषावतार मंदिर का कार्य बाद में शुरू होगा, जिसके लिए अंदर के टावर क्रेन से हटाए जाएंगे। इसके बाद परकोटा के उत्तर और दक्षिण हिस्से का निर्माण शुरू होगा। राम मंदिर का निर्माण कार्य अक्तूबर 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है। चंपत राय ने बताया कि शिखर का पूजन हो चुका है और भुज दंड सहित अन्य हिस्सों की स्थापना क्रमिक रूप से की जाएगी। योगी सरकार की सक्रिय भागीदारी से यह परियोजना न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और पर्यटन के लिहाज से भी अयोध्या को नई पहचान दे रही है। सरकार का लक्ष्य है कि यह मंदिर संपूर्ण भारत के लिए एकता और श्रद्धा का प्रतीक बने।

जन्मभूमि में तांबे की गिलहरी होगी स्थापितः राम जन्मभूमि में तांबे की गिलहरी की बड़ी मूर्ति रखी जाएगी। इसे ऐसी जगह रखा जाएगा, जिससे सभी की नजर पड़े। बता दें कि भगवान राम ने लंका तक पहुंचने के लिए रामसेतु का निर्माण शुरू किया, तब गिलहरी ने भी इसमें मदद करने की कोशिश की थी। वह रेत और मिट्टी के छोटे-छोटे ढेले उठाकर पुल में जोड़ने की कोशिश करती थी। भारत की आध्यात्मिक एकता दर्शाएंगे द्वारः मंदिर में चार द्वार बनाए जा रहे हैं। उत्तरी दिशा का द्वार, क्रॉसिंग 11 का द्वार, क्रॉसिंग 3 का द्वार और राम जन्मभूमि का मुख्य प्रवेश द्वार। इन द्वारों के नाम रामानुज, शंकराचार्य, माधवाचार्य और रामानंदाचार्य की परंपराओं के आधार पर रखे जाएंगे, जो भारत की आध्यात्मिक एकता को दर्शाएंगे।

## 1000 पेज की चार्जशीट दायर, आरोपपत्र में फोरेंसिक रिपोर्ट, फिंगर प्रिंट्स-जांच रिपोर्ट, सबूतों का जिक्र

### आरोपपत्र में फोरेंसिक रिपोर्ट, फिंगर प्रिंट्स जांच रिपोर्ट और सबूतों का जिक्र



**मुंबई:** अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में मुंबई पुलिस ने करीब तीन महीने बाद 1000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। बांद्रा पुलिस ने कथित बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को इसमें मुख्य आरोपी बताया है। चार्जशीट में कई नई बातें खुलकर सामने आई हैं, जिसमें फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट, फिंगर प्रिंट्स, हमले के लिए इस्तेमाल हथियार का जिक्र है। एक पुलिस अधिकारी ने चार्जशीट को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने अपने बैग में एक चाकू, एक हैकसॉ ब्लेड और एक हथौड़ा रखा था। इस आरोपपत्र में फोरेंसिक लैब की रिपोर्ट जिक्र है। इसमें कहा गया है कि क्राइम सीन पर मिला चाकू का टुकड़ा, सैफ अली खान के शरीर से मिला टुकड़ा और आरोपी के पास से बरामद तीनों टुकड़े मेल खाते हैं। मुंबई पुलिस ने आरोपी के बाएं हाथ की फिंगरप्रिंट रिपोर्ट का भी उल्लेख किया है।

चार्जशीट में कहा गया है कि आरोपी ने मेन गेट से बिल्डिंग में घुसने की कोशिश की, लेकिन गेट पर फिंगरप्रिंट रिकग्निशन लॉक होने की वजह से वह ऐसा नहीं कर पाया। इसके बाद उसने बिल्डिंग में चढ़ने के लिए डक्ट एरिया का इस्तेमाल किया और पहली मंजिल पर पहुंचा। वहां से वह सीढ़ियों का इस्तेमाल करके सैफ के अपार्टमेंट में पहुंचा। वह अपने बैग में चाकू, हैकसॉ ब्लेड और हथौड़ा लेकर आया था। उसने केयरटेकर एलियामा फिलिप पर चाकू से हमला किया और एक करोड़ रुपए मांगे। जब शोर सुनकर सैफ वहां पहुंचे और अपने घर की नौकर पर चोर को हमला करते देखा, तो उन्होंने शरीफुल को पीछे से पकड़ लिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने बिना यह जाने कि सैफ कौन है, एक्टर पर चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। हालांकि, जब उसे पता चला कि उसने किस पर हमला किया है, तो वह घबरा गया और घर से भाग गया।

## न्यूज ब्रीफ

### शहादत दिवस पर याद किए गए विजय सिंह सोय




**चाईबासा :** कांग्रेस भवन चाईबासा में गुरुवार को सिंहभूम के पूर्व सांसद जिला कांग्रेस कमिटी प० सिंहभूम के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह सोय की शहादत दिवस मनाई गई ।कांग्रेसियों ने स्व.सोय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास ने कहा कि विजय सिंह सोय के द्वारा किए गए कार्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता है । स्व० सोय संगठन के व्यक्ति थे, उनके द्वारा दिखाए रास्ते पर कांग्रेस प० सिंहभूम जिला में मजबूत आधार है, उनकी शहादत को भुलाया नहीं जा सकता उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे। मौके पर कांग्रेस जिला प्रवक्ता त्रिशानु राय , महासचिव अशोक बारिक, लियोनार्ड बोदरा, रविन्द्र बिरुवा, पूर्व कोषाध्यक्ष राधा मोहन बनर्जी, पुरूषोत्तम दास पान, आलोक बलमुचू, नन्द गोपाल दास, चन्द्र भूषण बिरुवा, सुशील दास, प्रताप पुरती, चोकरो गोप आदि उपस्थित थे ।

### धूमधाम से मनायी गयी शिरोमणि योगी नरसिंह बाबा की 83वीं पुण्यतिथि

चाईबासा : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित श्री श्री संत नरसिंह आश्रम परिसर में गुरुवार को संत शिरोमणि योगी नरसिंह बाबा की 83वीं पुण्यतिथि धूमधाम के साथ मनायी गयी. इस अवसर पर आश्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. समाधि स्थल पर लगे आकर्षक फूलों से सबका ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया.

नरसिंह बाबा की पुण्यतिथि पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जहां दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत आयोजित भंडारे में लोगों के बीच महाभोग प्रसाद का वितरण किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया.

इस मौके पर पुरोहित आचार्य पंडित श्रीकृष्ण शुक्ला, नरसिंह आश्रम प्रबंधन समिति सह मुख्य आयोजनकर्ता अरविंद गुप्ता, राजेश हरलालका, पिंकी डागा, शुभम पटेल, संजय सिंह, हर्षित राय, निमेष शाह चीकू के अलावा स्थानीय लोग मौजूद थे.

### झारखंड में होमियोपैथिक से सौतेला व्यवहार कर रही सरकार: डॉ. चटर्जी

जमशेदपुर : बिष्टूपुर के एक होमियो हॉल में गुरुवार को होमियोपैथी के आविष्कारक डॉ. सैम्युयल हैनिमैन का 170वां जन्मदिन डॉ. एसपी फाउंडेशन के तत्वाधान में मनाया गया। इससे डॉ. एसके बनर्जी ने हैनिमैन कर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा समुमन अर्पित किया। डॉ. जितेन्द्र कुमार ने डॉ. हैनिमैन का जीवन परिचय दिया। उन्होंने बताया कि डॉ. हैनिमैन एलोपैथी के चिकित्सक होने के बावजूद बेहतर चिकित्सा पद्धति एवं आधुनिकतम चिकित्सा पद्धति होमियोपैथी का आविष्कार किया, जो आज लोगों की पसंद है। डॉ. टीके चटर्जी ने बताया आज विश्वभर होमियोपैथिक दिवस मनाया जा रहा है क्योंकि होमियोपैथी द्वारा साधारण खांसी से लेकर जटिल बीमारियों कैंसर, एडस, गठिया, हृदय कीडनी, लीवर, थेलोसेमिया का भी इलाज संभव है। लेकिन झारखंड सरकार होमियोपैथिक कौंसिल का गठन नहीं कर सौतेला व्यवहार कर रही है।

### चिरकुंडा के कुंदन हत्याकांड के 2 आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**धनबाद :** चिरकुंडा के चर्चित कुंदन हत्याकांड में पुलिस ने दो आरोपियों राहुल गोस्वामी व कालू सरदार को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया. पुलिस जल्द ही इन्हें पूछताछ के लिए रिमांड पर लेगी. इस बीच बुधवार की दोपहर कुंदन की बहन कविता देवी ने चिरकुंडा थाना प्रभारी से मिलकर हत्यारों की गिरफ्तारी जल्द करने की गुहार लगाई है. कविता देवी ने कहा कि मुन्नी देवी व उसके परिवार के लोगों ने साजिश के तहत उसके भाई की हत्या की है. उन्हें फांसी की सजा मिलनी मिलनी चाहिए. थाना प्रभारी रामजी राय ने कविता को धनबाद रेलवे स्टेशन के स्टैंड में खड़ी भाई कुंदन की स्कूटी की चाबी व स्टैंड की स्लिप दी, ताकि वह वहां से स्कूटी ले सके. पुलिस मुख्य आरोपी मुन्नी देवी के पैतृक गांव सहित उसके रिश्तेदारों के बारे में भी पता कर रही है.

### खूंटकट्टी रैयत रक्षा समिति की हुई बैठक

**चाईबासा :** खूंटकट्टी रैयत रक्षा समिति के तत्वावधान में चाईबासा के खूंटकट्टी मैदान में एक अतिआवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न गांवों के मुंडाओं और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता बलभद्र सवैया ने की।कातीगुटु मौजा के मुंडा सिदियु पुरती ने कहा कि एनएच-75ई चाईबासा बाईपास सड़क निर्माण के लिए किसानों की उपजाऊ सिंचित भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसका वे लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक को पत्र लिखकर अपनी आपत्ति जताई है, लेकिन अब भी अंचल कार्यालय द्वारा रैयतों की वंशावली सत्यापित करने का आदेश दिया जा रहा है।बैठक में तुईवीर, सिंघपोखरिया, गीतिलपी, टोटो और तोलगोयसाईं गांवों के मुंडाओं सहित कई सामाजिक कार्यकताओं ने भी अपने विचार रखे। उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया।

### पाइपलाइन मरम्मत के कारण दो दिन किरीबुरू में जलापूर्ति ठप रहेगी

**गुवा :** किरिबुरू लौह अयस्क खदान के नागरिक विभाग की ओर से जारी सर्कुलर के अनुसार, पाइपलाइन की मरम्मत के चलते आगामी 11 और 12 अप्रैल को ई-टाइप, एफ-टाइप क्वार्टर्स एवं मुगार्पाड़ा क्षेत्र में जलापूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), बोकारो इस्पात संयंत्र के तहत कार्यरत किरिबुरू लौह अयस्क खदान प्रशासन ने यह जानकारी साझा की है। सिविल विभाग की ओर से बताया गया है कि पाइपलाइन में आवश्यक अनुरक्षण कार्य (मेंटेनेंस वर्क) किया जाना है, जिसके कारण दो दिनों तक पानी की आपूर्ति नहीं हो पाएगी। सेल के सहायक महाप्रबंधक (नागरिक), यू.बी.एस. राठौर द्वारा हस्ताक्षरित इस सूचना पत्र में जनता से असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया गया है और सहयोग की अपील की गई है। स्थानीय निवासियों को सलाह दी गई है कि वे अग्रिम रूप से जल संग्रहण की व्यवस्था कर लें ताकि आवश्यक कार्यों में बाधा न आए। इस तरह की अस्थायी जलापूर्ति बंदी से अस्पताल, स्कूल, कार्यालय और घरेलू उपयोग प्रभावित हो सकता है। स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह वैकल्पिक जलापूर्ति की व्यवस्था करे या टैंकर सेवा उपलब्ध कराए ताकि अत्यधिक संकट की स्थिति उत्पन्न न हो।

# अच्छी सड़क से खुलेगा विकास का द्वार : जोबा माझी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चाईबासा :** सिंहभूम की लोकसभा सांसद जोबा माझी व मनोहरपुर के विधायक जगत माझी ने बुधवार को गुदड़ी प्रखंड में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि विकास की किरण पहुंचाने के लिए सबसे पहले अच्छी सड़क की सुविधा उपलब्ध करानी होती है। क्योंकि अच्छी सड़क से ही विकास के द्वार खुलते हैं। बिरकेल पंचायत की मुख्य सड़क से टूटीसेल तक करीब तीन किलोमीटर पीसीसी सड़क का निर्माण डीएमएफटी से किया जाएगा।



इस सड़क के बनने से ओलंगेर, टूटीसेल, लिगिर, रगदा, हेसाबेडा, जामंग, जोनो व आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी।

सांसद ने कहा कि उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि जल्द ही यहां सड़क का निर्माण कराया जाएगा, जिसकी अब शुरूआत हो चुकी है।

विधायक जगत माझी ने कहा कि गुदड़ी प्रखंड अब विकास के मामले में पीछे नहीं रहेगा। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। शिलान्यास समारोह में मुखिया कुंवारी बरजो, पूर्व जिप सदस्य आइलिना बरजो, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रोलेन बरजो, चंदन बरजो, मानकी बिरसा बरजो, जकरियस लुगुन, गोसनर बरजो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुनील बुढ़ समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### यातायात पुलिस के अमानवीय व्यवहार की जदयू ने की निंदा

**जमशेदपुर :** जनता दल (यूनाइटेड) के जिला प्रेस प्रवक्ता आकाश शाह ने हेलमेट चेकिंग के दौरान गर्भवती महिला के साथ यातायात पुलिस द्वारा कथित अमानवीय व्यवहार की घटना पर आपत्ति जताई है। शाह ने कहा कि पुलिस-प्रशासन पर जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, लेकिन कुछ दिनों से यातायात पुलिस इसके विपरीत काम कर रही है। हेलमेट चेकिंग के नाम पर जनता के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने यातायात डीएसपी के उस बयान पर भी सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने सीसीटीवी कैमरा युक्त स्थान पर ही चेकिंग अभियान चलाने की बात कही थी। शाह ने कहा कि यह निर्देश जमशेदपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लागू होता दिखाई नहीं दे रहा है, जिसके कारण यातायात अधिकारियों और जनता के बीच टकराव थम नहीं रहा है।

## पश्चिम सिंहभूम चाईबासा जिला के पुलिस अधीक्षक ने रचा इतिहास

### उपलब्धि कामयाबी और नक्सली विरुद्ध सघन अभियान उनकी उपलब्धि में है शामिल

**बिनय मिश्रा**

पश्चिम सिंहभूम जिला चाईबासा के लोकप्रिय कर्मठ एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले भारतीय पुलिस सेवा 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने पश्चिम सिंहभूम जिला में अपने पद स्थापना काल के उपलब्धि भरी तीन वर्षों का कार्यकाल पूरा कर लिया यह इस जिला में अब तक किसी भी पुलिस अधीक्षक का सर्वाधिक पदस्थापना कार्यकाल है श्री शेखर खूंटी जिला के पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापित रहने के पश्चात उन्हें पश्चिम सिंहभूम चाईबासा जिला का पुलिस अधीक्षक बनाया गया और उन्होंने 11 अप्रैल 2022 को अपना पदभार ग्रहण किया इस प्रकार से श्री शेखर अपने पद स्थापना काल के पश्चात जिला में पुलिस और आम लोगों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करने के साथ-साथ पूरे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस के दबिश बढ़ाया



और नक्सलियों को बैक फुट पर भी भेजा श्री शेखर के तीन वर्षों का कार्यकाल काफी उपलब्धि और गौरवपूर्ण रहा है पुलिस अधीक्षक की कामयाबी उपलब्धि इस जिला के लिए पुलिस का हमेशा मनोबल बढ़ाया और राज्य में इस जिला के बेहतर कार्यों की चर्चा हमेशा प्रशंसा के पात्र भी रही पश्चिम सिंहभूम जिला में नक्सली प्रभाव क्षेत्र में पुलिस की दबी निरंतर जारी रही है और इसी का यह परिणाम है कि नक्सलियों को हमेशा मुंह की खानी पड़ी और उनके मंसूबों पर हमेशा पुलिस ने पानी फेर दिया वर्तमान समय में पुलिस अधीक्षक पोस्तोकी खेती के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर पूरे जिला में पुलिस की दमदार उपस्थिति भी दर्ज करायी इस प्रकार से कहा जा सकता है कि पश्चिम सिंहभूम जिला चाईबासा में अब तक सर्वाधिक समय तक पुलिस अधीक्षक रहने का रिकॉर्ड बनाने वाले आशुतोष शेखर अपने बेहतर कार्यों से पश्चिम सिंहभूम जिला को बेहतर जिला बनाने के साथ-साथ राज्य में भी जबरदस्त पहचान दिलायी है वृद्धि होगी श्री शेखर इससे पूर्व धनबाद में एसडीपीओ सह सहायक पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पुलिस अधीक्षक रांची तथा खूंटी के पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं।

### यूसिल ने 6 सरकारी स्कूलों के 432 बच्चों को बांटे स्कूल बैग

**जमशेदपुर :** यूसिल के नरवापहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट प्रबंधन की ओर से सरकारी स्कूलों के बच्चों के बीच खेल सामग्री व स्कूल बैग का वितरण किया गया। प्रबंधन ने बुधवार को छह स्कूलों में बच्चों के बीच कुल 432 स्कूल बैग व खेल सामग्री का वितरण किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुटका के सहायक शिक्षक पीयूष कुमार पालित ने यूसिल की पहल का स्वागत किया। कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और वे नियमित स्कूल आते हैं।

यूसिल प्रबंधन की ओर से सीएसआर के तहत तीसरे चरण में नरवापहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट से सटे प्राथमिक विद्यालय पाथर चाकडी, प्राथमिक विद्यालय बाड़ेडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय माटकु, प्राथमिक मध्य विद्यालय काशीडीह, उत्क्रमिक मध्य विद्यालय भुटका व उत्क्रमिक उच्च विद्यालय शंकरदा में बच्चों के बीच बैग का वितरण किया गया। मौके कर कंपनी के डिप्टी मैनेजर एस हेंब्रम, गाजिया हांसदा समेत अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### डीसी ने मोमेंटो देकर किया सम्मानित



**बिनय मिश्रा :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स (सीबीडीटी)चेयरमैन रवि अग्रवाल को हस्तनिर्मित मोमेंटो प्रदान किया। ज्ञात हो कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स के चेयरमैन ने बाबा नगरी देवघर पहुंचकर बाबा बैधनाथ पर जलार्पण कर पूजा अर्चना की।

### दलमा के जंगल में तितली महोत्सव अब 18 से 20 तक

**जमशेदपुर :** दलमा वन्य जीव अभ्यारण्य में अब तितली महोत्सव का आयोजन 18 से 20 अप्रैल तक होगा। पहले यह महोत्सव 4 से 6 अप्रैल को होने वाला था, लेकिन कुछ कारणों से तिथियों में बदलाव किया गया है।महोत्सव में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी विशेषज्ञों के साथ मिलकर दलमा के जंगल में रंग-बिरंगी और नई तितलियों की खोज करेंगे। यह छात्रों के लिए शानदार अवसर होगा, जहां वे तितलियों के जीवन चक्र, उनके आवास और भोजन की आदतों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। जंगल में तितलियों की एक समृद्ध विविधता पाई जाती है। अनुमान है कि यहां 400 से अधिक प्रकार की दुर्लभ तितलियां मौजूद हैं। क्षेत्र की जैव विविधता को देखते हुए ही 2019 में मकुलाकोचा में तितली और मोथ संरक्षण पर महत्वपूर्ण एशियाई सेमिनार आयोजित किया गया था। इसमें भारत, ब्रिटेन, हांगकांग, दक्षिण कोरिया और श्रीलंका जैसे देशों के 50 से अधिक तितली और मोथ विशेषज्ञ शामिल हुए थे। विशेषज्ञों ने दलमा में तितलियों की दुर्लभ प्रजातियों की खोज की संभावना जताई थी और शोधकताओं ने यहां 400 विभिन्न प्रकार की तितलियों और मोथ की खोज भी की थी।

### सरकारी कार्यालयों के कर्मी बायोमिट्रिक से ही बनाएं हाजिरी : डीसी

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम के डीसी उपायुक्त अनन्य मित्तल ने योजना व विकास शाखा का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने दैनिक उपस्थिति पंजी की जांच की. कर्मियों को दस्तावेज अद्यतन रखने का निर्देश दिया. कहा कि सभी कार्यालयों के कर्मी अनिवार्य रूप से बायोमिट्रिक से ही हाजिरी बनाएं. डीसी ने दोनों विभागों में मानव बल की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली. साथ ही रोकड़ पंजी, सीएनसी रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, इंडेक्स रजिस्टर समेत सभी महत्वपूर्ण रिकॉर्ड का अवलोकन किया. लिपिक से कार्यालय की संचिकाओं को मंगवाकर देखा और कमियों को को रेखांकित करते हुए दूर करने का निर्देश दिया. कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी सरकार की गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करें. कार्यालय को साफ-सुथरा रखने का भी निर्देश दिया. निरीक्षण के दौरान एडीसी भगीरथ प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे.

### रेलवे ब्रिज मरम्मत को लेकर ट्रेनें रद्द, यात्री परेशान

**जमशेदपुर :** चांडिल के मानिकुई एवं कुनकी स्टेशन के बीच लाइन ब्लॉक कर स्वर्णरिखा नदी पर ब्रिज को लेकर टाटानगर में बरकाकाना व हटिया की तीन ट्रेने गुरुवार को रद्द रही। जबकि, रांची हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस का मार्ग बदला गया है। इससे सैकड़ों यात्रियों को आवागमन में दिक्कत हुई। बताया जाता है कि, ब्रिज मरम्मत को लेकर 1 मई तक दिन बदलकर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा।

## अवैध बॉक्साइट खनन पर जिला टास्क फोर्स समिति ने की कार्रवाई

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को गुमला जिले के चैनपुर एवं बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत अवैध बॉक्साइट खनन के विरुद्ध व्यापक छापामारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई जिला खनन पदाधिकारी एवं प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा (क्न्न्न्र) पदाधिकारी आदर्श शरण के नेतृत्व में की गई। छापामारी के दौरान लोहरदगा वन प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के लुपुंगपट, अंबाकोना, बीजापाट यह तथा गुमला वन प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत बिशुनपुर प्रखंड के चौरापाट, नवाटोली, कुजाम,



बारपाट और लोडापाट क्षेत्रों में अवैध खनन की जांच की गई। जांच के क्रम में कई ऐसे व्यक्तियों की पहचान की गई जो अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। इनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस छापामारी अभियान में पुलिस बल एवं वन प्रमंडल के पदाधिकारीगण भी मौके पर उपस्थित रहे।

### परशुराम परिवार जमशेदपुर मनाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**जमशेदपुर :** परशुराम परिवार जमशेदपुर की महत्वपूर्ण बैठक इसीसी फ्लैट कदमा में सुनील तिवारी के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता अवधेश कुमार पाठक ने की। बैठक में मुख्य रूप से परशुराम जन्मोत्सव आयोजित करने की तैयारियों की समीक्षा की गई और इसकी रूप-रेखा तैयार की गई।बैठक में शशिकांत तिवारी, केपी तिवारी, सुनील तिवारी, पंकज तिवारी, केएन ओझा, अभिषेक पाण्डेय, विकास झा, बरुण पाण्डेय, सत्यनारायण मिश्रा, विकास मिश्रा, अशोक दुबे, किशोर दुबे, अजय कुमार तिवारी, रविशंकर पाठक, डॉ रमेश उपाध्याय, अजय तिवारी रमेश कुमार, लक्ष्मण जी एवं राजीव रंजन पाण्डेय उपस्थित रहे।

## ट्रक के केबिन में छुपा कर रखे 172 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित थाना परिसर में सीडीपीओ ललित मीणा ने एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि दिनांक 8 अप्रैल 2025 लगभग 7:00 गुमला पुलिस अधीक्षक (गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ) महोदय को एक सूचना गुप्त मिला की एक आयसर ट्रक के डाला में छुपा कर अवैध विदेशी शराब छत्तीसगढ़ से झारखंड बॉर्डर स्थित राडडीह थाना क्षेत्र में प्रवेश करने वाला है , उक्त सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ( पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ) महोदय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ( चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ललित मीणा ) उन्होंने मेरे नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया जिसमें पुलिस निरीक्षक महेंद्र कुमार करमाली, रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह , पुअनि सूरज कुमार सिंह , सअनि धनंजय कुमार सिंह और सैट 11 के सशस्त्र बल के जवान ( सभी रायडीह थाना ) ने रायडीह थाना प्रभारी द्वारा एक सन्हा दर्ज करते हुए , सभी छापामारी दल के सदस्यों ने उक्त गुप्त सूचना की सत्यापन और आवश्यक करवाई करने हेतु भलमंडा के पास वाहन चेकिंग लगाया गया, जहां पर लगभग 8:00 बजे एक आयसर ट्रक नंबर यू . पी . 22 बी .टी.2910 को पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उक्त ट्रक के ड्राइवर ने उक्त ट्रक को



भागने लगा, जिसका पीछा करते हुए पुलिस टीम ने बकसपुर ग्राम के पास ट्रक को घेरकर पकड़ने में सफल और ट्रक ड्राइवर को फटकार लगाते हुए उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम भगवाना राम (पिता का नाम - पुनमा राम ) जिला जालौर राजस्थान - अंतर्गत स्थित कलजिकीबेरी थाना सरवना बताया गया, पुलिस टीम द्वारा पूछा गया कि ट्रक में क्या लोड है तब वह हड़बड़ाहट में पुलिस को बताया कि ट्रक खाली है, जिस पर पुलिस टीम द्वारा कांटा से जांच करने पर उक्त ट्रक के डाला फर्श में एक बॉक्स बनाकर उसके अंदर छुपा कर रखा गया शराब का पेटी पाया गया, उक्त बॉक्स के अंदर से कुल 172 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया जिसका वैद्य का जात नहीं होने पर उक्त सभी शराब के पेटीयों को विधिवत जब्ती सूची बनाकर , उक्त ट्रक चालक भागवाना राम के पास से श'श्ड कंपनी का मोबाइल, आयसर ट्रक सहित उक्त ट्रक चालक भागवाना राम को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए गुमला जेल भेज दिया गया हैं।